रोहतक
रविवार 4 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 336
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 18.6
न्यून. 4.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




07 न्यूज़ीलैंड वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, शुभमन गिल संभालेंगे कमान




## वेनेजुएला में अमेरिका की एयरस्ट्राइक

### ट्रंप बोले, वेनेजुएला पर अब अमेरिका का कब्जा, जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते देश को हम ही चलाएंगे...



**गिरफ्त में राष्ट्रपति**

हाथ में हथकड़ी आंखों पर काली पट्टी बांधकर लाया गया

अमेरिकी सेना विशेष विमान से न्यूयॉर्क ले गई

राष्ट्रपति मादुरो को अभी कहां रखा यह स्पष्ट नहीं





**150 से ज्यादा प्लेन मैदान में उतारे**

**निकोलस मादुरो और उसकी पत्नी सिलिया को बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला**

# तेल की लड़ाई हमले तक आई

**कराकस/ वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया है। तेल की लड़ाई हमले तक पहुंच गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला अब अमेरिकी सैनिकों के कब्जे में हैं। वेनेजुएला पर अब अमेरिका का कब्जा है। जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते देश को हम ही चलाएंगे। अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 11:30 बजे) वेनेजुएला के 4 शहरों पर 150 से ज्यादा विमानों से हमले किए। जिस वक्त हमला हुआ राष्ट्रपति मादुरो एक मिलिट्री बेस में सो रहे थे। मादुरो और उसकी पत्नी सिलिया एडेला को बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और अमेरिकी सैनिक न्यूयॉर्क लेकर चले गए। वहीं, वेनेजुएला ने कहा कि ड्रग्स सिर्फ बहाना, अमेरिका की तेल भंडारों पर नजर है।

> चीन-रूस और ईरान से दोस्ती पड़ी महंगी, वेनेजुएला बोला, ड्रग्स सिर्फ बहाना, यूएस की तेल भंडारों पर नजर

> मादुरो पर नार्को, आतंकवाद की साजिश, कोकीन की तस्करी, हथियार रखने जैसे कई केस दर्ज



### हमले की 3 बड़ी वजह

1. **तेल कंपनियों को लेकर विवाद :** ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे।
2. **ड्रग्स तस्करी :** ट्रम्प के मुताबिक वेनेजुएला अमेरिका में खतरनाक ड्रग्स की तस्करी करता है। ड्रग्स ले जा रहे 35 नावों पर हमला कर चुका।
3. **मादुरो का तख्तापलट :** अमेरिका राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट करना चाहता है। अमेरिका मादुरो को तानाशाह और ड्रग तस्कर मानता है।

### अब वेनेजुएला में क्या होगा

- देश के संविधान के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो अपने पद पर नहीं रहेंगे, तो उन्हीं की उपाध्यक्ष डेल्सी रोड्रिगेज सत्ता संभालेंगी।
- सरकार का भविष्य अनिश्चित है। वहीं विपक्ष का दावा है कि असली राष्ट्रपति प्रवासी नेता एडमंडो गोंजालेज हैं।
- 30 दिन के भीतर नई राष्ट्रपति चुनाव होंगे। चुने गए नए राष्ट्रपति का पूरा 6 साल का कार्यकाल होगा।

### भारत ने नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को अमेरिका द्वारा अगुवा करने के घटनाक्रम के बीच विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारतीय नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया है। जिसमें देश के नागरिकों को वेनेजुएला में अपनी तमाम गैर जरूरी यात्राओं से बचने की सख्त हिदायत दी है। साथ ही अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरतते हुए अपनी आवाजाही को प्रतिबंधित करें और कराकास में भारत के दूतावास के संपर्क में बने रहें। जिसमें ईमेल- **cons.caracas @›mea.gov.in** और फोन नंबर- +58-412-9584288 ( वॉट्सअप काल की सुविधा सहित) का इस्तेमाल करें।

### बाधित हो सकती है तेल सप्लाई

अमेरिका के इस कदम से तेल की वैश्विक आपूर्ति में बाधा की आशंका उत्पन्न हो गई है, जिससे भारत की चिंता बढ़ सकती है। वेनेजुएला के पास 303 अरब बैरल से भी ज्यादा तेल भंडार हैं। कई प्रतिबंधों की वजह से यह अब तक अनछुा भंडार है। अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें फिलहाल दबाव में बनी हुई हैं, क्योंकि वर्षों से लागू अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण यहां से निर्यात सीमित रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के इस अभियान के बाद अमेरिका वेनेजुएला के तेल उद्योग में बहुत मजबूती से शामिल होगा। तेल की कीमतों में हल्की गिरावट आई है और वे लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के आसपास बनी हुई हैं, इसके बावजूद अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। *(पेज-8 भी देखें)*

---

3 जिलों में विजिबिलिटी रही जीरो

## प्रदेश में पहली बार घने कोहरे का रेड अलर्ट, 4 डिग्री तक गिरेगा तापमान

**हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा**

मौसम विभाग ने प्रदेश में पहली बार कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल में घना कोहरा पड़ेगा। इसके साथ ही राज्य के न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। पंचकूला, यमुनानगर, कैथल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी और चरखी दादरी के कुछ स्थानों पर भी घना कोहरा रहने की संभावना है। इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी है।

**9 जिलों में कोल्ड डे**



### उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी

मौसम विभाग के अनुसार 4 जनवरी से हवाएं बदलकर उत्तर-पश्चिमी हो जाएंगी। इसके शीत हवाएं चलने से रात का तापमान विशेषकर गिरेगा। वहीं, दिन के तापमान में मामूली बढ़त देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल बारिश के आसार नहीं हैं। विभाग ने 6 जनवरी तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। महेंद्रगढ़ रहा सबसे ठंडा, न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज शनिवार को राज्य के औसत न्यूनतम तापमान में कल के मुकाबले 1.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

---

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले...

## क्रिकेटर मुस्तफिजुर को केकेआर ने बाहर किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद बीसीसीआई ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। केकेआर ने ट्वीट किया- बीसीसीआई के निर्देश के बाद सभी जरूरी प्रक्रियाओं और आपसी परामर्श के बाद मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया गया है।



प्रो रेसलिंग लीग 15 जनवरी से ...

## अंतिम पंघाल को यूपी ने 52 लाख रुपये में खरीदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रो रेसलिंग लीग के लिए दिल्ली में ऑक्शन जारी है। ऑक्शन में नंबर वन खिलाड़ी ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट अमन सहरावत को टाइगर मुंबई दंगल ने 51 लाख में खरीदा है। लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से प्रो रेसलिंग लीग इसी माह 15 जनवरी से शुरू होने जा रही है। वहीं अंतिम को यूपी डोमीनेटर्स ने 52 लाख में खरीदा है। इसमें हरियाणा के बड़े बड़े रेसलर भाग लेंगे और अपना दम दिखाएंगे। अंतिम पंघाल दो बार की विश्व चैंपियन हैं और वह 53 केजी भार वर्ग की कुश्ती लड़ती हैं। अंतिम पंघाल हांसी और अमन सहरावत झज्जर के रहने वाले हैं।



दस्तावेज नहीं दिखा पाए...

## इनफ्लुएंसर हर्ष छिक्कारा का फॉर्म हाउस किया सील

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्ष छिक्कारा के नवनिर्मित मकान को नगर निगम ने सील कर दिया। छिक्कारा के महलाना रोड स्थित फॉर्म हाउस पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। शुक्रवार शाम को निगम की टीम यहां पहुंची। टीम ने मौके पर परमिशन से संबंधित अलग-अलग दस्तावेज भी मांगे, लेकिन छिक्कारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद टीम ने घर के बाहर नोटिस चिपकाते हुए सील कर दिया। नोटिस पर लिखा था कि यह बिल्डिंग बिना परमिशन के बनाई जा रही है। हर्ष छिक्कारा सोनीपत के महलाना रोड पर खेतों के बीचोंबीच महलनुमा घर बनवा रहे हैं।



---

**राहत** हाईकोर्ट ने दिव्यांग पेंशन पर सुनाया बड़ा फैसला

आधा दर्जन याचिकाएं रद्द की, केंद्र को झटका

## भर्ती के समय फिट तो सेवा के दौरान बीमारी की जिम्मेदार सैन्य सेवा : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सेना के पूर्व जवानों की दिव्यांग पेंशन को लेकर एक स्पष्ट आदेश देते हुए केंद्र सरकार आधा दर्जन याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी की खंडपीठ ने साफ शब्दों में कहा कि यदि कोई सैनिक भर्ती के समय चिकित्सकीय रूप से पूरी तरह स्वस्थ पाया गया हो और लंबी सैन्य सेवा के बाद उसमें कोई बीमारी या दिव्यांग सामने आती है, तो कानून यह मानकर चलता है कि वह बीमारी सैन्य सेवा के दौरान ही उत्पन्न हुई है। ऐसे मामलों में केवल मेडिकल बोर्ड की औपचारिक टिप्पणी के आधार पर दिव्यांग पेंशन और उसकी राउंडिंग आफ के लाभ से इनकार नहीं किया जा सकता।

### केंद्र ने दी थी आदेशों को चुनौती



तीन साल तक एरियर सीमित करने की मांग को भी खारिज किया

कहा- पेंशन एक निरंतर और मूल्यवान अधिकार

इन सभी याचिकाओं में केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, चंडीगढ द्वारा पारित उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनमें पूर्व सैनिकों को दिव्यांग पेंशन का लाभ देते हुए 20 या 40 प्रतिशत आंकी गई दिव्यांगता को राउंडिंग आफ कर 50 प्रतिशत मानने के निर्देश दिए गए थे। केंद्र सरकार का तर्क था कि रिलीज मेडिकल बोर्ड ने संबंधित सैनिकों की बीमारी विशेष रूप से "प्राइमरी हाइपरटेंशन"को न तो सैन्य सेवा से संबंधित माना है और न ही यह माना कि वह सेवा के कारण बढ़ी है। इसी आधार पर सरकार ने दिव्यांग पेंशन और राउंडिंग ऑफ के लाभ को गलत ठहराया।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का दिया हवाला

अदालत ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि यह सिद्धांत स्पष्ट रूप से स्थापित हो चुका है कि ऐसे मामलों में बीमारी को सैन्य सेवा से असंबंधित साबित करने का भार नियोक्ता यानी सरकार पर होता है। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट तब तक निर्णायक नहीं मानी जा सकती, जब तक उसके समर्थन में ठोस कारण, विस्तृत चिकित्सा रिकार्ड और स्पष्ट विश्लेषण प्रस्तुत न किए जाएं। इसके साथ ही अदालत ने सरकार की उस आपत्ति को भी खारिज कर दिया, जिसमें एरियर को केवल तीन वर्षों तक सीमित करने की मांग की गई थी।



## खबर संक्षेप



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शनिवार को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन से मुलाकात की।

### इनेलो ने संगठन का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला से विचार विमर्श करके विभिन्न पदों पर छह महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। गौरव सम्पत सिंह को प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रधान महासचिव, दलबीर जामनी, बलराज नौच और लोकेश दहिया को राज्य कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है, कुलदीप कटारिया को गुरुग्राम का शहरी जिला अध्यक्ष और विजय जैन को हांसी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### पंचकूला में रिकॉर्ड विकास कार्य करवाए

**पंचकूला।** महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि जब उन्होंने कार्यभार संभाला था, उस समय नगर निगम के पास लगभग 100 करोड़ रुपये थे, जबकि अब उनके कार्यकाल के अंत में 250 करोड़ रुपये की एफडीआर नगर निगम को सौंपकर जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 40 करोड़ रुपये की राशि सरकार से भी प्राप्त हुई है। इन पांच सालों में हमने 400 करोड़ रुपये के विकास कार्य भी करवाए हैं। महापौर ने बताया कि अपने पांच साल के कार्यकाल में लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से 1030 से अधिक विकास कार्य करवाए गए। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा थी कि इस कार्यकाल में पंचकूला नगर निगम का अपना कार्यालय बन जाए, लेकिन कानूनी अड़चनों के कारण यह संभव नहीं हो सका। इसके बावजूद विकास की दृष्टि से पंचकूला ने उल्लेखनीय प्रगति की है और जनता का भरपूर सहयोग मिला।

### सीडीएस में 8वां रैंक लेने पर हिमांशी सम्मानित

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मानेसर नगर निगम से भाजपा के प्रत्याशी रहे सरपंच सुंदर लाल यादव ने यूपीएससी (सीडीएस आर्मी) की परीक्षा में आठवां रैंक हासिल करने वाली हिमांशी को ग्रामीणों के साथ सम्मान किया। उन्होंने कहा कि हिमांशी ने हरियाणा की देश में नाम रोशन किया है। इतना अच्छा रैंक लेकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि बेटियों को समाज और परिवार जब सहयोग देता है तो वे हर स्तर पर नाम रोशन कर सकती हैं। ग्रामीणों ने भी हिमांशी को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।मेजर नवीन कुमार की होनहार बेटी हिमांशी को सेक्टर-82 स्थित सरपंच सुंदर लाल यादव के कार्यालय पर आमंत्रित किया गया। उन्हें सरपंच सुंदर लाल यादव, समाजसेवी संजय यादव, विजयपाल सरपंच, रविंद्र भारद्वाज, ओमप्रकाश महलावत मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने संत कबीर कुटीर में निहंग सिंह संप्रदाय सम्मेलन को संबोधित किया

# निहंगों ने धर्म और देश की रक्षा कर आक्रांताओं को खदेड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निहंग शब्द का अर्थ निडर हृदय वाले योद्धा से है और स्वयं गुरु साहिबान ने निहंग सिंहों को शस्त्रधारी अकाल सेना का स्वरूप प्रदान किया था। खालसा पंथ में निहंग सिंह संप्रदाय की स्थापना का उद्देश्य धर्म और देश की रक्षा करना था, विशेषकर उन आक्रमणकारियों से जो बाहर से आकर भारत की सभ्यता और संस्कृति को चुनौती देते थे। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर में आयोजित निहंग सिंह संप्रदाय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर निहंग सिंह साहेबान ने मुख्यमंत्री को सरोपा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया मुख्यमंत्री ने कहा कि 18वीं शताब्दी में अफगान आक्रांता अहमदशाह अब्दाली के बार-बार किए गए आक्रमणों को रोकने में निहंग सिंहों की भूमिका ऐतिहासिक रही। महाराजा रणजीत सिंह की सरकार-ए-खालसा की मजबूती का श्रेय भी निहंग सिंह योद्धाओं को जाता है। उनकी सेना में निहंग सिंहों का विशेष जत्था होता था, जो मुगल आक्रमणकारियों से मुकाबला करने में निपुण था।



### गुरुओं की शिक्षाएं जन-जन तक पहुंचा रही सरकार



मुख्यमंत्री ने कहा कि भगानी और चमकौर के रणक्षेत्रों में निहंग सिंह गुरु साहिबान की ढाल बनकर खड़े रहे। बाद में बाबा बंदा सिंह बहादुर, बाबा दीप सिंह जैसे महान निहंग योद्धाओं ने मुगलों को परास्त कर खालसा पंथ को सुदृढ़ किया। सिख समाज में निहंग सिंहों का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण है, वे खालसा पंथ की रीढ़ हैं और उनका जीवन गुरु साहिबान की शिक्षाओं को समर्पित रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार गुरु साहिबानों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। गत नवंबर माह में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए।



### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने वालों को सीएम ने किया रवाना

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने हमेशा युवाओं को अपनी नीतियों के केंद्र में रखते हुए अनेक युवा केन्द्रित योजनाएं चलाई हैं। उन्होने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने पिछले एक दशक मे वो कर दिखाया है जो अन्य सरकारें कई दशकों में नहीं कर सकी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पंचकूला में 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 में भाग लेने वाले हरियाणा राज्य के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम को मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले 64 युवाओं में जोश भरा।

वेस्टर्न कमांड मुख्यालय पहुंचे सीएम

### ऑपरेशन सिंदूर में योगदान को सराहा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को सेना के पश्चिमी कमान मुख्यालय, चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में सेना की पराक्रम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना ने पाक के साथ युद्ध के साथ-साथ आपात स्थिति में लोगों की मदद की। इस अवसर पर उनका स्वागत एवं ब्रीफिंग लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार द्वारा की गई। दौरे की शुरुआत वेस्टर्न कमांड संग्रहालय के अवलोकन से हुई, जहां मुख्यमंत्री को कमांड के गौरवशाली इतिहास, प्रमुख सैन्य अभियानों, वीरता गाथाओं तथा विकसित होती सैन्य परंपराओं की जानकारी दी गई, जिससे इसकी परिचालन विरासत का समग्र परिप्रेक्ष्य प्राप्त हुआ। इसके उपरांत वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ विस्तृत ब्रीफिंग एवं संवाद के दौरान मुख्यमंत्री को वेस्टर्न कमांड की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इसमें ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत उपलब्धियां , ऑपरेशन राहत के दौरान मानवीय सहायता, चल रही भर्ती रैलियां, युवा संपर्क कार्यक्रम, लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सिस्टम, आधुनिकीकरण की पहलें तथा नई प्रौद्योगिकियों के समावेश पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार

## 2025 में एसीबी ने 186 रिश्वतखोर पकड़े

**चंडीगढ़।** सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप भ्रष्टाचार के विरुद्ध निर्णायक अभियान चलाते हुए राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) ने वर्ष 2025 के दौरान अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की है। ब्यूरो ने वर्ष-2025 में भ्रष्टाचार से जुड़े कुल 251 मामले दर्ज किए, जिनमें 147 ट्रैप/रेड केस शामिल हैं, जो पिछले 10 वर्षों में सर्वाधिक हैं। इन कार्रवाइयों के दौरान मौके पर ही 1.3 करोड़ की राशि बरामद की गई तथा कुल 186 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन गिरफ्तारियों में 163 सरकारी कर्मचारी, जिनमें 13 गजेटेड अधिकारी, 150 गैर-गजेटेड कर्मचारी तथा 23 निजी व्यक्ति शामिल हैं। औसतन हर माह लगभग 13 सरकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तार किए गए, जो राज्य सरकार की सख्त नीति और विजिलेंस ब्यूरो की सक्रिय कार्यप्रणाली को दर्शाता है।



■ ब्यूरो ने कुल 1.3 करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद की : डीजीपी

### 251 मामले दर्ज किए गए

डीजीपी अजय सिंघल ने बताया कि वर्ष 2025 में दर्ज 251 मामलों में से 147 मामले ट्रैप/रेड के माध्यम से तथा 104 मामले जांच एवं विशेष जांच के आधार पर दर्ज किए गए। ब्यूरो ने इस दौरान निचले स्तर तक सीमित कार्रवाई के बजाय अब उन वरिष्ठ अधिकारियों पर फोकस किया है जो संगठित भ्रष्टाचार के नेटवर्क का संचालन करते हैं। यह रणनीति मुख्यमंत्री, के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप अपनाई गई ।

युवा सशक्तिकरण मंत्री ने स्किल्ड विवि के वीसी से साथ की बैठक

## आईटीआई के भवनों की फिटनेस जांच होगी जिले के वरिष्ठ अधिकारी तैयार करेंगे रिपोर्ट

**चंडीगढ़ ।** युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कौशल विभाग का मुख्य उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानजनक रोजगार दिलाना है। मंत्री पंचकूला स्थित कौशल भवन में स्किल्ड विश्वविद्यालयों के कुलपति (वीसी), रजिस्ट्रार तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय में तैनात अधिकारियों को एक-एक जिले की जिम्मेदारी दी जाए, जो ग्राउंड स्तर पर जाकर आईटीआई के भवनों की फिटनेस की जांच करें और अगर कोई भवन जर्जर हैं तो उनकी रिपोर्ट तैयार करें, ताकि वहां पर नए भवन बनाए जा सकें।




### युवाओं को रोजगार देने पर फोकस

उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल विभाग युवाओं को विदेशी प्लेसमेंट के अवसर भी उपलब्ध करवा रहा है और इस दिशा में प्रयासों को और तेज किया जाना चाहिए, ताकि प्रदेश के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें। विदेशी प्लेसमेंट से जुड़ी योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा इन अवसरों का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार मेलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### पुलिस भर्ती के लिए एचएसएससी चेयरमैन ने युवाओं से सुझाव मांगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पुलिस कांस्टेबलों के 5500 पर भर्ती विज्ञापन जारी होने के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) चेयरमैन हिम्मत सिंह ने भर्तियों को लेकर युवाओं से आनलाइन सुझाव मांगे हैं। सकारात्मक सुझावों पर आयोग द्वारा विचार किया जाएगा। हिम्मत सिंह ने इंटरनेट मीडिया अकाउंट फेसबुक पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि 11 जनवरी से हरियाणा पुलिस कांस्टेबल हेतु 5500 पदों पर ऑनलाइन आवेदन शुरू होने जा रहे हैं। जल्द ही ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर सभी की जिज्ञासाओं का निस्तारण एवं कुछ आवश्यक जानकारियां साझा की जाएंगी। तब तक आप सभी फार्म लिंक के माध्यम से अपने सुझाव आयोग तक भेज सकते हैं। नए साल के पहले ही दिन आयोग ने हरियाणा पुलिस में 4500 पुरुष कांस्टेबल, 600 महिला कांस्टेबल और 400 हरियाणा रेलवे पुलिस कांस्टेबल के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है।

### मंडियों में भाव गिरने से बर्बादी के कगार पर आलू उत्पादक किसान : हुड्डा

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में किसानों को आलू का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि किसानों में इस बात की चर्चा है कि धान घोटाले की तरह ही प्रदेश में आलू घोटाला हो रहा है, सरकार इसकी जांच कराए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बड़े पैमाने पर कुरुक्षेत्र में आलू पैदा होता है और पिपली मंडी हरियाणा की सबसे बड़ी आलू मंडी मानी जाती है। सरकार कम भाव पर आलू बिकने की सूरत में मुआवजे के तौर पर अंतर की भरपाई करने का दावा तो कर रही है। लेकिन मंडियों की जमीनी हकीकत ये है कि सफेद आलू उगाने वाले किसानों को ज्यादातर 250 से 300 रुपये प्रति क्विंटल का भाव ही मिल रहा है।



### वैध ड्राइविंग लाइसेंस होने पर वाहन चालक को अकुशल मानना गलत

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक फैसले में मोटर वाहन दुर्घटना में मृत युवक के परिजनों को दी गई मुआवजे की राशि बढ़ा दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि मृतक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस है, तो उसे केवल अकुशल श्रमिक मानकर आय तय करना उचित नहीं है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के आदेश में संशोधन करते हुए मुआवजे में 4.78 लाख रुपये की बढ़ोतरी की है। जस्टिस सुदीप्ति शर्मा ने तरीफा व की याचिका पर यह आदेश दिया। मामला 29 दिसंबर 2018 को हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा है, जिसमें साकिर उर्फ मोहम्मद साकिर की मृत्यु हो गई थी। मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल, नूंह ने पांच अप्रैल 2024 को मृतक के परिजनों को 18.16 लाख रुपये मुआवजा और सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया था। परिजनों ने इसे अपर्याप्त बताते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।हाई कोर्ट ने रिकार्ड का अवलोकन करते हुए पाया कि मृतक की उम्र दुर्घटना के समय 32 वर्ष थी और उसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस मौजूद था। यद्यपि यह साबित नहीं हो सका कि वह नियमित रूप से किसी कंपनी में ड्राइवर के रूप में कार्यरत था।



■ हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के फैसले को पलटा

2026-27 के लिए निगमों ने की 51,156 करोड़ वार्षिक राजस्व की मांग

## एचईआरसी की बैठक आठ को नए बिजली रेट पर होगा फैसला

**चंडीगढ़।** प्रदेश में बिजली की रेट क्या रहेगा, इसका फैसला 8 जनवरी को होगा। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा नए वित्त वर्ष 2026-27 की बिजली दरों को लेकर पंचकूला में एचईआरसी के कोर्ट रूम में जनसुनवाई की जाएगी। यह जनसुनवाई उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा दायर याचिकाओं पर होगी आयोग ने इन याचिकाओं पर बिजली उपभोक्ताओं से कल तक आपत्तियां, सुझाव और टिप्पणियों की मांग की हैं। ये याचिकाएं यूएचबीचीएन, डीएचवीवीएन एवं एचईआरसी ने वेबसाइट पर अपलोड की हैं।

### 52761 करोड़ राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए दोनों निगमों ने 51,156.71 करोड़ रुपए के वार्षिक राजस्व आवश्यकता की मांग की है। निगमों के अनुसार इस अवधि में उन्हें 52,761.87 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। हालांकि, वर्ष 2024-25 के ट्रू-अप में दर्शाए गए 5,261.23 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे और लगभग 828.64 करोड़ रुपए की होल्डिंग कॉस्ट (ब्याज स्वरूप राशि), जो निगमों ने आयोग से मांगी है, इस राशि को 5261.23 में से घटाने पर कुल 4,484.71 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा दिखाया गया है। आयोग द्वारा एआरआर पर निर्णय विद्युत अधिनियम के तहत लिया जाता है। साथ ही विद्युत अधिनियम के अनुसार आयोग को याचिकाएं दायर किए जाने की तिथि से 120 दिन के भीतर अपना निर्णय देना अनिवार्य होता है।

यमुना एक्शन प्लान पर समीक्षा

## टैंकर माफिया और गैरकानूनी उद्योगों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव योगेश कुमार ने शनिवार को गुरुग्राम में यमुना एक्शन प्लान के अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण को लेकर गुरुग्राम तथा झज्जर के विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में गुरुग्राम की बादशाहपुर की लेक एक, दो और तीन तथा झज्जर जिले की ड्रेन संख्या 8 एवं मुंगेशपुर ड्रेन को प्रदूषण से मुक्त करने के उद्देश्य से तैयार किए गए एक्शन प्लान की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर बनी रणनीति

सदस्य सचिव ने संबंधित विभागों से इन सभी स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार सभी उपायों को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से धरातल पर लागू किया जाए। बैठक में यमुना की स्वच्छता, सीवर प्रबंधन, अवैध डंपिंग, एसटीपी के संचालन तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चीफ इंजीनियर बलराज अहलावत, बोर्ड के टेक्निकल एडवाइजर बाबूराम तथा सीनियर एनवायरनमेंट इंजीनियर जितेंद्र पाल भी मौजूद रहे।

### भाकियू की प्रदेश स्तरीय बैठक कल

**चंडीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक आगामी 5 जनवरी 2026 (सोमवार) को सुबह 11 बजे जींद स्थित किसान भवन में आयोजित की जा रही है। यह बैठक प्रदेश के किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर व्यापक चर्चा एवं आगे की आंदोलनात्मक रणनीति तय करने के उद्देश्य से बुलाई गई है भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश भर से भाकियू के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में किसानों की वर्षों से लंबित समस्याओं पर गंभीर मंथन किया जाएगा।

पंचकूला नगर निगम के मेयर व पार्षदों का कार्यकाल समाप्त

कार्यकाल पूरा होने से पहले फील्ड में सक्रिय रहे पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल

## चुनाव प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना वार्डबंदी और तकनीकी कामकाज चल रहा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला नगर निगम मेयर व पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया। विदाई की बेला में मेयर ने कार्यकाल के दौरान कामकाज का ब्योरा दिया व वित्तीय आंकड़े भी रखे। बहरहाल, पंचकूला सहित कई नगर निगमों में नए साल-2026 में चुनावों की उल्टी गिनती की शुरुआत हो गई है।

यह बात दीगर है कि अधिकारियों व सियासी लोगों के दावों के विपरीत कई शहरों में वार्डबंदी और अन्य औपचारिकता पूर्ण नहीं होने के कारण समय लगेगा। यहां पर बता दें कि पांच जनवरी 2021 को मेयर व पार्षदों ने शपथ ग्रहण की थी। जबकि वर्ष 2020 दिसंबर में पंचकूला नगर निगम का चुनाव हुआ और निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने गंभीरता दिखाते हुए अपने दिग्गज नेताओं की ड्यूटी लगाई। चुनाव प्रभारी वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित दिग्गज नेताओं ने डेरा डाल लिया था। तत्कालीन सांसद कटारिया, उनकीधर्मपत्नी व विस स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता सभी दिग्गजों ने कुलभूषण गोयल का साथ देकर उनकी ताजपोशी कराने में सफलता प्राप्त कर ली। सात जनवरी को मेयर ने विधिवत निगम ऑफिस की बागडोर संभाल ली थी।

कुल मिलाकर मेयर गोयल के साथ में भाजपा को 9 वार्डों में सफलता प्राप्त हुई थी, जबकि कांग्रेस के 7 और जजपा, दो निर्दलीय जीतकर आए थे। कुल मिलाकर समय सीमा समाप्त हुई और अब गोयल पूर्व मेयर व पार्षद भी भूतपूर्व हो गए हैं।

### कार्यकाल पर संतोष जताया

अपने कार्यकाल के पूरा होने से कुछ माह पहले मेयर गोयल खूब सक्रिय दिखाई दिए और जगह जगह पर विकास कार्यों के साथ ही सफाई व्यवस्था, शिलान्यास, उद्घाटनों में जुटे रहे। इसी तरह से उनकी टीम के पार्षद भी साथ में जुटे रहे। कुल मिलाकर अंत भला सो सब भला के सिद्धांत पर चलते हुए दिखाई दिए। लोगों ने भी उनके कामकाज पर संतोष जाहिर किया।

### भाजपा नेता तैयारी में जुटे

मेयर और पार्षदों की ओर से अब आगे की तैयारी शुरु कर दी है। भले ही फिलहाल, चुनाव को लेकर तारीखों और जरूरी औपचारिकताओं में खासा वक्त लगेगा लेकिन पार्षद व मेयर अभी से तैयारी में हैं। यह बात अलग है कि दो प्रमुख पार्टियों में टिकट किस किस को मिलेगी और कौन से चेहरों में बदलाव होगा इस बात पर भी पूरे शहर की नजरें रहेंगी। सत्ताधारी पार्टी भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस आने वाले वक्त में कौन-कौन से चेहरों पर दाव लगाती है, या फिर पूरी टीम में बदलाव होता है। यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।वहीं मेयर रहे कुलभूषण गोयल किस्मत के धनी रहे और उन्हें भाजपा के दिग्गज नेताओं का चुनाव में साथ मिल गया। 2014 में इनेलो का टिकट लेकर भाग्य आजमाने वाले गोयल दूसरे स्थान पर रहे और लगभग 25 हजार के करीब वोट मिले थे। उस वक्त भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता जीते थे, ज्ञानचंद गुप्ता को 44 हजार से ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### लोगों की नजरें हरियाणा चुनाव आयुक्त पर टिकी

पंचकूला में कौन से वार्ड रिजर्व होंगे या नहीं होंगे सामान्य रहेंगे जिला स्तर पर वार्डों का फैसला होगा। जबकि मेयर की सीट रिजर्व रहेगी या फिर सामान्य इस पर फैसला स्टेट लेवल पर होगा। पंचकूला की सीट को लेकर फिलहाल, जनता की नजरें हरियाणा चुनाव आयुक्त की तरफ है वार्ड और सारी तस्वीर साफ होने के बाद भाग्य आजमा ने वाले उम्मीदवार अपनी अंतिम फैसला लेंगे। वहीं भाजपा पार्षदों में क्रमश बात करें, तो वार्ड एक से नरेंद्र लुबाना और सुरेश वर्मा वार्ड संख्या दो में रितु गोयल, सोनिया सूद, जयकुमार कौशिक, हरेंद्र मलिक, सोनू बिड़ला वार्ड 12, ओमवती पूनिया, निर्दलीय भाजपा समर्थक, सुनीत सिंगला, सुशील गर्ग, राकेश कुमार वाल्मीकि, परमजीत कौर के नाम शामिल हैं।पंकज वाल्मीकि, ऊषा रानी गुरमेल कौर गौतम प्रसाद, अक्षय चौधरी, संदीप सोही सलीम खान सभी कांग्रेस से विजयी हुए थे। जजपा से बात करें तो दो रहे और दो ही निर्दलीय रहे थे। इनमें राजेश सुशील गर्ग भी जजपा से थे,लेकिन बाद में पाला बदल लिया।

## सोनीपत में दो युवकों पर कुल्हाड़ी से हमला

**सोनीपत।** खेड़ी दहिया क्षेत्र में दो युवकों पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में थाना सदर सोनीपत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों कृष्ण पुत्र दलीप और हिमांशु पुत्र कृष्ण, दोनों निवासी गांव खेड़ी दहिया, को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 31 दिसंबर की शाम की बताई जा रही है, जब दीपांशु निवासी खेड़ी दहिया अपने साथी शमशेर निवासी ककरोई के साथ गांव के शिव मंदिर की ओर जा रहा था। इसी दौरान शिव मंदिर चौक पर हिमांशु, कृष्ण और कृष्ण की पत्नी ने उन्हें रोककर विवाद शुरू कर दिया। शिकायत अनुसार गाली-गलौच का विरोध करने पर कृष्ण ने हाथ में पकड़ी कुल्हाड़ी से दीपांशु के सिर पर वार कर दिया और जब शमशेर ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उसके सिर पर भी कुल्हाड़ी से चोट पहुंचाई गई। इसके बाद हिमांशु और कृष्ण की पत्नी ने डंडों से दोनों को चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजन दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल सोनीपत लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां आदेशानुसार कृष्ण को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया, जबकि हिमांशु को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

■ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया, एक रिमांड पर

## नाबालिगों को अगवा करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस टीम ने नाबालिग लड़कियों को अगवा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त आरोपित लोकेश उर्फ कैरा निवासी ककरोई जिला सोनीपत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। 1 जनवरी 2026 को जिले के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी अपनी सहेलियों के साथ जन्मदिन पर गई थी, जिसके बाद तीनों घर नहीं लौटीं और शक के आधार पर लोकेश उर्फ कैरा पर उन्हें छिपाने या अपहरण करने का संदेह जताया गया।



■ जन्मदिन की पार्टी में गई थी, रास्ते से अपहरण का आरोप

### लड़कियों की काउंसलिंग करवाई

मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान महिला उप निरीक्षक बबीता की टीम ने नाबालिगों के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज करवाए तथा महिला विशेषज्ञ व लीगल एड से काउंसलिंग करवाई। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप



### सोशल मीडिया पर स्टंट करने पर दो कार इंपाउंड

**नारनौल।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो पर त्वरित संज्ञान लेते हुए यातायात नियमों की अवहेलना व हुड़दंगबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें महेंद्रगढ़ से दादरी रोड पर दो कारों में सवार कुछ युवक गाड़ी के शीशे खोलकर और बाहर निकलकर खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने थाना सदर महेंद्रगढ़ प्रबंधक को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। थाना सदर पुलिस ने दोनों कारों को मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत इंपाउंड कर लिया है।

### गोकशी केस में 20 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** गोकशी के मामले में 20 महीनों से फरार चल रहे आरोपी को संजय कॉलोनी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 30 मई 2024 को पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति सरूरपुर से मादलपुर रोड पर रात के समय गाय को गोकशी के लिये लेकर जा रहे हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी आरिफ को मौका से काबू किया गया था तथा दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गया। अब आरोपी महिपाल निवासी गांव नेकपुर फरीदाबाद को 3 जनवरी को उसके गांव नेकपुर से गिरफ्तार किया है। वह काफी समय से घिटौरनी दिल्ली में छुपा हुआ था। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### साइबर ठगों को खाते देने वाला प्रॉपर्टी डीलर काबू

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने 2.61 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को द्वारका दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सेक्टर-35 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम पर उसे लिंक दिखाई दिया, जैसे ही उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके पास एक मैसेज आया, जिस नम्बर पर शेयर में निवेश के लिए उसकी बात होने लगी। ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न खातों में 2.61 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। केस दर्ज होने पर जांच के दौरान पुलिस ने रोहित सक्सेना निवासी द्वारका दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने खाताधारक संदीप व अभिषेक से खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। आरोपी 12वीं पास है और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## हरियाणा सरकार के पास 10 हजार विदेशी नौकरियों की आई मांग

# 210 युवा नौकरी करने जाएंगे दुबई मनोहर लाल ने बांटे ऑफर लेटर

- करनाल में हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग और हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड की ओर से आयोजित पंचजन्य 2026 कार्यक्रम
- जर्मन, जापानी, अंग्रेजी, फ्रेंच आदि भाषाएं सिखाने के लिए कोचिंग दी जाएगी, करनाल में खुलेगा सेंटर, डंकी रूट की जगह सरकार के माध्यम से जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास पर भी ध्यान दें। हुनर के साथ-साथ वे दूसरी भाषाओं को सीखें और देश की जड़ों से जुड़े रहें। आत्मनिर्भर बनकर खुद के साथ-साथ परिवार व देश की चिंता करें। केंद्रीय मंत्री शनिवार को करनाल में हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग और हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड की ओर से आयोजित पंचजन्य 2026 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 210 युवाओं को विदेश (दुबई) जाने के लिए ऑफर लेटर दिए गए।

मनोहर लाल ने कहा कि पहले चरण में 225 युवाओं का इजराइल के लिए चयन हुआ। इनमें से 180 वहां गए। अभी वहां से 10 हजार लोगों की मांग और आई है। दूसरे चरण में अब 210 युवाओं का चयन हुआ है। सरकार की ओर से युवाओं को पासपोर्ट, वीजा के साथ-साथ विदेश में सुरक्षा की गारंटी भी सुनिश्चित की जा रही है, जबकि डंकी रूट से जाने वालों को किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं मिलती। मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश की कुल आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी मात्र दो प्रतिशत है, लेकिन इसके बावजूद रक्षा बलों में हरियाणा के जवानों की भागीदारी लगभग दस प्रतिशत है, जो प्रदेश के युवाओं की क्षमता और समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को छात्र जीवन से ही अपने कौशल और प्रतिभा को निखारने की दिशा में निरंतर प्रयास करने चाहिए।



**करनाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवा।

### यूके के साथ फरवरी में होगी कार्यशाला

विदेश सहयोग विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार ने इस मौके पर कहा कि सरकार युवाओं के साथ है। ट्रेनिंग से लेकर चयन तक हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। भविष्य में युवाओं को जर्मन, जापानी, अंग्रेजी, फ्रेंच आदि भाषाएं सिखाने के लिए कोचिंग दी जाएगी। इसके लिए फॉरन लेंग्वेज पॉलिसी जल्द अमल में लाई जाएगी जिसके तहत प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सेंटर खोले जाएंगे, एक सेंटर करनाल में भी खोला जाएगा। यूके के साथ फरवरी में एक कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर असंध विधायक योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री ओएसडी वीरेन्द्र दहिया, एचकेआरएनएल के सीईओ अमित खत्री, मेयर रेणु बाला गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम ने 24 हजार नौकरियों का वादा पूरा किया : गौतम

खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वैश्विक स्तर पर रोजगार के नए आयाम खुले हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने पहल की है। तत्कालीन मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने युवाओं के हितों के अनुरूप व्यवस्था परिवर्तन कर नौकरियों में बिना पर्ची, बिना खर्ची व्यवस्था लागू की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। शपथ लेने के तुरंत बाद 24 हजार युवाओं को नौकरी देने का वादा मुख्यमंत्री ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को विदेश में सुरक्षित रहकर रोजगार मुहैया कराने के लिए ही प्रदेश में विदेश सहयोग विभाग बनाया है। जरूरी औपचारिकताएं पूरा करा कर युवाओं को रोजगार के लिए विदेश जाने के लिए ऑफर लेटर दिए गए हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि विदेश जाकर हरियाणा की छवि चमकाने का काम करें। वहां से ऐसा कुछ सीख कर आएं जिससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिले।

## पानीपत के खेत में महिला की ईंट मारकर हत्या, अर्धनग्न हालत में शव मिला



**पानीपत।** हत्या के मामले में महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर आई पुलिस।

- करीब 38 वर्ष है महिला की उम्र पुलिस पहचान में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव भाऊपुर के खेतों में अज्ञात लोगों ने महिला के शरीर पर तेजधार हथियारों से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। वहीं हत्यारों ने मृत महिल की पहचान न हो इसके लिए उसके चहरे पर ईंटों से प्रहार किए। इधर, जब भाऊपुर के ग्रामीण खेतों में गए तो उन्होंने कारद जाने वाली सड़क पर स्थित खेत में महिला का अर्धनग्न शव पड़े देखा।

ग्रामीणों की सूचना पर सरपंच मौके पर पहुंचे और उन्होंने 112 पर महिला के शव की जानकारी दी। इधर, थाना इसराना पुलिस, सीआईए और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव की जांच की, जबकि एफएसएल की टीम ने सैंपलिंग की। पुलिस व एफएसएल की जांच में पता चला कि महिला की उम्र करीब 38 साल और उसकी लंबाई पांच फुट दो ईंच है। एक स्थानीय ग्रामीण के शव के पास होने की वजह से उस पर शक गहराया हुआ है। असलियत पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

जांच में पता चला कि महिला के चेहरे व शरीर के अन्य भागों पर ईंटों व धारदार वस्तुओं से वार किए गए हैं। इधर, थानेदार इसराना ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हुई है और शव अर्धनग्न अवस्था में लिला है। शव पर नीले रंग का ब्लाउज और लाल-जामुनी रंग की साड़ी थी। दोनों पैरों की उंगलियों में चांदी जैसी धातु की बिछिया और दाहिने हाथ में सुनहरे रंग का आर्टिफिशियल कड़ा था। पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने पानीपत से लगते प्रदेश के व यूपी पुलिस को मृत महिला की जानकारी देकर उसकी पहचान करने में सहयोग मांगा है। वहीं, थानेदार इसराना ने बताया कि महिला की मौत की सही जानकारी उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चलेगी, जबकि हत्या के इस केस की जांच महिला की शिनाख्त होने पर ही आगे बढ़ पाएगी। फिलहाल पुलिस का पूरा फोकस मृत महिला की पहचान करने पर है।

## अजय चौटाला के भड़काऊ बयान पर सीएम का पलटवार

# जनता जनार्दन का अपमान करने वाले हो चुके हैं जीरो : नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- अजय ने दिया था नेपाल की तरह शासकों को पीटने का बयान

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जजपा के वरिष्ठ नेता अजय चौटाला द्वारा दिए विवादित बयान को लेकर कहा है कि यह सारा कुछ उनकी हताशा दर्शाता है। यह जनता जनार्दन का खुला अपमान है क्योंकि जनता ने ही केंद्र और हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने का मौका दिया है। अजय चौटाला ने बयान दिया था कि श्रीलंका, बांग्लादेश व नेपाल की तरह ही हरियाणा में भी शासन को गद्दी से उतारकर सड़कों पर पीटना होगा। इस बयान को लेकर सीएम ने कहा कि इस तरह का बयान देना बेहद ही निंदनीय है। यह परिवार लंबे समय तक शासन में रहा है, जो भी व्यक्ति इस तरह के काम करता है, जनता उनको जीरो कर देती है। जनता ने उन्हें पांच साल के बाद में जीरो कर दिया। जनता का आशीर्वाद है कि केंद्र और राज्य में हमें सरकार बनाने का तीसरी बार मौका मिला है। यह लोग जनता को अपमानित करने का काम कर रहे हैं इसलिए जनता ने लंबे समय तक इन लोगों को बाहर कर दिया है।

### प्रदेश में आंदोलन की जरूरत, जजपा चुप नहीं बैठेगी : दुष्यंत

**भिवानी।** जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आंदोलन की जरूरत है, क्योंकि आज केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार युवाओं के साथ अन्याय कर रही है इसलिए जेजेपी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार योजना के तहत हरियाणा में ग्रुप सी और डी श्रेणी के रोजगार को पूरी तरह से समाप्त करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की नगरी भिवानी में एचटेट परीक्षा में घोटाला हुआ है और बिना खर्ची-पर्ची का दावा करने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुप बैठे है। उन्होंने कहा कि जेजेपी इस गड़बड़ी की पूरी जांच करके तथ्यों के साथ युवाओं की लड़ाई लड़ेगी और जररूर पड़ने पर न केवल सड़क पर संघर्ष करेगी, बल्कि हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगी। वे शनिवार को भिवानी में जेजेपी द्वारा आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## सिरसा में जेल वार्डन के सुसाइड का मामला, एक दिन बाद अंतिम संस्कार

# आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी पर अड़े परिजनों को डीएसपी ने मनाया, बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला जेल में वार्डन रहे सुखदेव सिंह का नागरिक अस्पताल में शनिवार को डॉक्टरों के एक बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। परिजनों की मांग पर पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई, जिसके बाद परिजन शव लेने के लिए राजी हुए और पुलिस ने राहत की सांस ली।

जेल वार्डन ने गुरुवार रात अपने क्वार्टर में सुसाइड नोट लिखकर जहरीला पदार्थ निगल लिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर जेल के डीएसपी व लाइन आफिसर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि शनिवार सुबह तक परिजनों ने दोनों की गिरफ्तार के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करने की चेतावनी जिला प्रशासन को दी थी। शनिवार को मृतक के परिजन नागरिक अस्तपाल में पहुंचे और सुसाइड नोट में बताए गए आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर रोष जताया। परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शव लेकर नहीं जाएंगे। बाद में डीएसपी राज सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के पिता दीप सिंह व बेटे जसपाल से बात की। डीएसपी ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में सुसाइड नोट में जिन अधिकारियों के नाम हैं, उन पर केस दर्ज हो चुका है। केस में एससी-एसटी एक्ट भी लगाया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच होगी। परिवार को पूरा न्याय मिलेगा। इस आश्वसन के बाद परिजन शव लेने पर सहमत हुए तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर फतेहाबाद जिले के गांव हिजरांवा खुद चले गए क्योंकि मृतक सुखदेव सिंह गांव हिजरांवा खुद के रहने वाले थे।

वार्डन ने मरने से पहले दो सुसाइड नोट छोड़े थे, जिसमें उन्होंने डीएसपी व एलओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे ड्यूटी लगाने को लेकर इन्होंने मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का दबाव बनाया। मृतक के बेटे की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस में डीएसपी वरुण कुमार और लाइन ऑफिसर फूल कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी दीपक सहारण का कहना है कि सुसाइड नोट में जिन अधिकारियों के नाम हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी।



**सिरसा।** आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रोष जताते परिजन।

### हत्यारोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, गाड़ी के शीशे तोड़े

**पलवल।** गुदराना गांव में हत्या के प्रयास के एक फरार आरोपी को पकड़ने गई सीआईए पुलिस टीम पर उसके भाइयों व अन्य ने हमला बोल दिया। इसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे, जबकि उनकी गाड़ी के शीशे टूट गए। मुंडकटी थाना पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। मुख्य आरोपी भोला फरार है। सीआईए में तैनात एएसआई राकेश कुमार ने शिकायत में बताया कि मार्च 2024 में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में गुदराना गांव निवासी भोला फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर सीआईए टीम गुदराना गांव पहुंची। पुलिस जब भोला के घर पहुंची, तो वहां उसके भाई विमल, हर किशन और कुछ महिलाओं ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया। पुलिस ने भोला के दोनों भाइयों विमल और हर किशन को गिरफ्तार कर लिया।

# डीएसपी, थाना प्रभारी और शराब ठेकेदार से 10 घंटे पूछताछ, एसआईटी जल्द दाखिल करेगी चार्जशीट

**आईपीएस पूरन सुसाइड केस**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के आईपीएस वाई पूरन कुमार सुसाइड केस में चंडीगढ़ पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रोहतक डीएसपी गुलाब सिंह, अर्बन एस्टेट थाने के तत्कालीन प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज कुमार और शराब ठेकेदार प्रवीण बंसल से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे तक चंडीगढ़ पुलिस मुख्यालय में चली। जानकारी के अनुसार, 6 अक्टूबर 2025 को अर्बन एस्टेट थाने में एडीजीपी वाई पूरन कुमार के गनमैन हवलदार सुशील कुमार के खिलाफ रिश्वत मांगने की एफआईआर दर्ज की गई थी। अगले दिन 7 अक्टूबर को सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसी दिन पूरन कुमार ने चंडीगढ़ में आत्महत्या कर ली।

सूत्रों के अनुसार, एसआईटी ने जांच के दौरान पूछा कि क्या गनमैन के खिलाफ एफआईआर साजिश के तहत एडीजीपी पर दबाव डालने के लिए दर्ज की गई थी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई शराब ठेकेदार की शिकायत पर हुई थी और किसी साजिश के आरोप निराधार हैं। एफआईआर दर्ज करते समय क्या तथ्य देखे गए, इस पर पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने ऑडियो, वीडियो और अन्य दस्तावेज पेश किए थे, जिनकी जांच कर कार्रवाई की गई। इस मामले में एसआईटी जल्द ही चार्जशीट दाखिल कर सकती है।

### सीजेआई 10 को नारनौंद में करेंगे न्यायिक परिसर भवन का शिलान्यास

**नारनौंद।** देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत 10 जनवरी को गांव पेटवाड़ और नारनौंद के दौरे पर रहेंगे। मुख्य न्यायाधीश 10 जनवरी को ही नारनौंद में उप मंडलीय न्यायिक परिसर भवन का शिलान्यास भी करेंगे। एसडीएम विकास यादव ने पेटवाड़ गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में जिला परिषद की उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा संबंधित तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक ने बताया कि पेटवाड़ गांव में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के लगभग 50 से भी अधिक न्यायाधीश इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उनके पैतृक गांव पेटवाड़ में शानदार स्वागत किया जाएगा।

**बदलाव** अधिक मास के कारण कुछ त्योहार 10-11 दिन जल्दी व कई 20 दिन की देरी से आएंगे

# 2026 में हिन्दू कैलेंडर वर्ष 12 की जगह 13 माह का होगा, जेठ का महीना आएगा दो बार

अंग्रेजी और हिंदू कैलेंडर के बीच होता है 11 दिनों का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हिंदू कैलेंडर के अनुसार 2026 में 12 की जगह 13 माह होंगे। इस वर्ष जेठ का महीना दो बार आएगा। यह अतिरिक्त महीना 17 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा। इस वजह से कुछ त्योहार पिछले साल के मुकाबले 10 से 11 दिन जल्दी और कुछ त्योहार 18 से 20 दिन की देरी से आएंगे। ऐसा अधिक मास की वजह से हो रहा है, जो हिंदू व अंग्रेजी कैलेंडर के अंतर को पाटने के लिए बनाया जाता है।

नए साल की शुरुआत हो चुकी है। इस बार कुछ त्योहार पिछले साल के मुकाबले 10 से 11 दिन जल्दी और कुछ त्योहार 18 से 20 दिन की देरी से आएंगे। इस बारे में श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इन तिथियों में बदलाव का मुख्य कारण इस वर्ष अधिकमास का होना है। इस बार होली 10 दिन जल्दी आएगी। इसी प्रकार महा शिवरात्रि, चैत्र नवरात्रि, राम नवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार जल्दी आ रहे हैं, जबकि रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, दीपावली और छठ पूजा जैसे पर्व देरी से आएंगे।

**अतिरिक्त महीना 17 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा**

### 15 से 20 दिन देरी से आते हैं त्योहार



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार मुख्य कारण हिन्दू कैलेंडर और अंग्रेजी कैलेंडर की गणना के बीच का अंतर है। साल 2026 में यह अंतर विशेष रूप से 'अधिक मास' के कारण और भी बढ़ गया है। साल 2026 में जेठ का महीना दो बार आएगा। यानी 2026 में हिन्दू वर्ष 12 की जगह 13 महीनों का होगा। यह अतिरिक्त महीना 17 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा। जब भी साल में एक अतिरिक्त महीना जुड़ता है तो उसके बाद आने वाले सभी त्योहार जैसे रक्षाबंधन, दिवाली व दशहरा लगभग 15 से 20 दिन की देरी से खिसक जाते हैं। यही वजह है कि 2026 में दिवाली अक्टूबर की जगह नवंबर के दूसरे हफ्ते यानी 8 नवंबर में पहुंच गई है।

### इस साल के त्योहारों में आएगा कितना बदलाव

| त्योहार/व्रत | 2025 | 2026 | बदलाव |
|---|---|---|---|
| महा शिवरात्रि | 26 फरवरी | 15 फरवरी | 11 दिन जल्दी |
| होली | 14 मार्च | 04 मार्च | 10 दिन जल्दी |
| चैत्र नवरात्रे | 30 मार्च | 19 मार्च | 11 दिन जल्दी |
| राम नवमी | 06 अप्रैल | 26 मार्च | 11 दिन जल्दी |
| रक्षा बंधन | 09 अगस्त | 28 अगस्त | 19 दिन देरी से |
| जन्माष्टमी | 15 अगस्त | 04 सितंबर | 20 दिन देरी से |
| गणेश चतुर्थी | 27 अगस्त | 14 सितंबर | 18 दिन देरी से |
| दशहरा | 02 अक्टूबर | 20 अक्टूबर | 18 दिन देरी से |
| करवा चौथ | 10 अक्टूबर | 29 अक्टूबर | 19 दिन देरी से |
| दिवाली | 20 अक्टूबर | 08 नवंबर | 19 दिन देरी से |
| छठ पूजा | 27 अक्टूबर | 15 नवंबर | 19 दिन देरी से |

**32 माह बाद आता है अधिक मास**

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि अंग्रेजी और हिंदू कैलेंडर के बीच हर साल 11 दिनों का अंतर आता है। इसे पाटने के लिए लगभग 32 माह बाद हिन्दू पंचांग में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहते हैं। इस बार यह जेठ माह में आएगा। इस वजह से यह माह वर्ष में दो बार होगा।

## पं. जसराज की जयंती 2 को मनाएंगे, सीएम फतेहाबाद में करेंगे प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



- पीलीमंदौरी है पैतृक गांव, यहीं लाइब्रेरी में लगाएंगे प्रतिमा

प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक स्व. पंडित जसराज की जयंती पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम 2 फरवरी को फतेहाबाद जिले के गांव पीलीमंदौरी में आयोजित किया जाएगा। पीलीमंदौरी गांव पंडित जसराज का पैतृक गांव है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और पंचायत ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में पंडित जसराज के बेटे सारंगदेव और बेटी दुर्गा जसराज भी शामिल होंगे।

गांव पीलीमंदौरी के सरपंच धर्मवीर गोरछिया ने बताया कि पंडित जसराज मूल रूप से इसी गांव के हैं। जब वे मात्र चार वर्ष के थे, उनका परिवार मुंबई शिफ्ट हो गया था। उनका जन्म 28 जनवरी 1930 को हुआ। उनका निधन 90 साल की उम्र में 17 अगस्त 2020 को हुआ। पंडित जसराज साल 2014 में अपना 84वां जन्मदिन मनाने के लिए गांव पीलीमंदौरी पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपने पिता मोतीराम के नाम पर बनी लाइब्रेरी और अपने खुद के नाम पर बने पार्क का उद्घाटन किया था। इसी लाइब्रेरी में अब पंडित जसराज की प्रतिमा लगेगी।

इस प्रतिमा का अनावरण 2 फरवरी को सीएम नायब सैनी की ओर से किया जाएगा। इस प्रतिमा का निर्माण लाइब्रेरी प्रबंधन कमेटी ने करवाया है। सरपंच धर्मवीर ने बताया कि पंडित जसराज के भाई का परिवार आज भी गांव में रहता है। गांव में जन्में पंडित जसराज ने दुनियाभर में ख्याति प्राप्त की। यह ग्रामीणों के लिए बेहद गौरव का विषय है कि पंडित जसराज के कारण गांव पीलीमंदौरी का नाम भी प्रसिद्ध हुआ।

*अमेरिका ने वेनेजुएला पर नए साल के तीसरे दिन शुक्रवार देर रात 2 बजे अटैक कर वहां के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को अपने कब्जे में ले लिया है। वेनेजुएला में तैनात अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को भी उम्मीद न थी कि अमेरिका का ये ऑपरेशन इतना बड़ा होगा। राजधानी कराकस में तैनात बीबीसी की पत्रकार वेनेसा सिल्वा इस ऑपरेशन की चश्मदीद हैं। उन्होंने आंखो देखा हाल बयान किया है।*

# ‘पैर कांपने लगे, मेरा दिल जोर से धड़क रहा था, मैं डर गई थी’

**वेनेजुएला पर अमेरिकी अटैक की चश्मदीद पत्रकार ने बताया आंखो-देखा हाल**

**राजधानी कराकस के अलावा मिरांदा और अराउवा में भी किए गए सटीक हमले**

एजेंसी ⏭ कराकस

सिल्वा ने बताया कि ‘स्थानीय समय के अनुसार रात को 2 बज रहे थे। हमे पहली बार प्लेन की आवाज सुनी. तभी मैंने तेज धमाके की आवाज सुनी। कुछ ही मिनटों में धुएं का गुबार दिखाई दिया। ने बताया कि धमाके ‘बिजली कड़कने से भी ज़्यादा तेज’ थे, इससे उनका घर हिलने लगा।

राजधानी काराकास एक घाटी में स्थित है, इसलिए धमाकों की आवाज पूरे शहर में गूंजी।’ मेरे आंखों के आगे कुछ नहीं दिख रहा था। कुछ ही देर में कई लोगों ने कराकस से रिपोर्टिंग शुरू कर दी। मैं प्लेन, हेलिकॉप्टर की आवाज सुन रही थी। हमें लगा कि राष्ट्रपति मादुरो एक बयान जारी करेंगे।’ वेनेसा ने बताया कि धमाके इतने पास हुए थे कि वह डर गई थी, लेकिन ये अटैक बहुत सटीक लग रहे थे।’ सिल्वा के एक रिश्तेदार ने आसमान से कुछ गिरते हुए देखा और दस सेकंड बाद एक ज़ोरदार धमाका सुना। ‘मेरा दिल ज़ोर से धड़क रहा था और पैर कांप रहे थे।’ उन्होंने कहा कि ये हमले न सिर्फ कराकस में हुए बल्कि मिरांदा और अराउवा में भी हुए।





### आधी रात को जागे लोग

वेनेजुएला से प्रकाशित होने वाले अंग्रेजी अखबार इल पाइस ने इस घटना को रिपोर्ट करते हुए कहा कि सुबह 2:00 बजे से कुछ देर पहले धमाकों की आवाज से कराकस के लोग जाग गए। ऐसा लगा जैसे आसमान में बिजली कड़क रही हो। ऊपर उड़ते हवाई जहाजों के वीडियो, धमाकों की चमक और धुएं के गुबार सोशल मीडिया पर घूमने लगे।

### दूर से दिखीं आग की लपटें

शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि फुएर्टे ट्यूना के मिलिट्री बेस पर कई हवाई हमले हुए हैं। यह कराकस का मुख्य बेस है, जो वेनेजुएला की राजधानी के दक्षिण में स्थित है। और वहां पूरी तरह से बिजली चली गई है। धमाकों के पहले कुछ मिनटों में दूर से एक बड़ी आग की लपटें देखी गईं, जिसके बाद ग्रे धुएं का एक बड़ा बादल छा गया।

### सोशल मीडिया यूज़र्स ने कहा- कयामत की रात

ला कार्लोटा एयर बेस और कराकस में अन्य मिलिट्री ठिकानों, जैसे कुआर्टेल डे ला मोंटाना - जहां ह्यूगो शावेज के अवशेष रखे हैं - साथ ही माराके और ला गुएरा, और सेंट्रल कोस्ट पर हिगुएरोटे एयरपोर्ट पर भी हमलों की पुष्टि हुई है। सोशल मीडिया यूज़र्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में शहर के ऊपर हेलीकॉप्टर उड़ते हुए भी देखे गए हैं। स्थानीय लोगों के लिए ये कयामत की रात जैसा वाकया था।

## भाजपा ने कहा- यदि हम मुंह खोलने पर आए तो मुश्किलें पैदा हो जाएंगी

# ‘भाजपा हफ्ताखोरी करती है, लूट मचाई हुई है’ अजित ने खोला सीधा मोर्चा

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र में महानगरपालिका के चुनाव से पहले सत्ता में शामिल उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार में शामिल भाजपा पर वसूली के सीधा आरोप लगाए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र की राजनीति में बवाल मच गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ पवार ने एक कार्यक्रम में भाजपा पर भ्रष्टाचार करने और हफ्ता वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इधर, भाजपा ने भी अजित को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हम मुंह खोलने पर आए तो उनके लिए मुश्किलें पैदा हो जाएंगी।

### पिंपरी-चिंचवड़ महानगर पालिका का मामला

अजित ने पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका में भाजपा के सत्ता में आने के बाद ‘भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा’ और ‘स्थानीय नेताओं की राक्षसी भूख’ का जिक्र किया। उन्होंने पिंपरी-चिंचवड़ महानगर पालिका में जमकर पैसे लूटने और खुलेआम भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। पवार ने यह भी दावा किया कि बीजेपी हफ्ताखोरी में भी लिप्त है, और उनके पास इससे जुड़े सारे पुख्ता सबूत मौजूद हैं।

**राजनीतिक गलियारों में पवार के बयान ने मचाई हलचल**

### आरोप लगाने वाले आज मेरे साथ

*इनता ही नहीं अजित ने अपने ऊपर लगे 70, 000करोड़ रुपये के कथित आरोपों को लेकर तीखा कटाक्ष किया है। उन्होंने सवाल किया, ‘मेरे ऊपर भी 70,000 करोड़ रुपये के आरोप लगे थे। जिन लोगों ने मेरे ऊपर वे आरोप लगाए थे, क्या वे सब आज मेरे साथ हैं या नहीं?’ पवार ने इस स्थिति को राजनीति का ‘दोहरा चरित्र’ करार दिया, जोर देकर कहा कि सत्ता और स्वार्थ के लिए सिद्धांतों को लगातार बदला जा रहा है।*



### ‘अब मैं किसी से डरने वाला नहीं’

उन्होंने भाजपा की राजनीतिक नैतिकता पर सीधे सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि अगर उन पर लगे आरोप सही थे, तो वही लोग अब उनके साथ क्यों खड़े हैं। अजित पवार ने कहा कि अब वो किसी से डरने वाले नहीं हैं और सच्चाई को सामने लाना जारी रखेंगे।

### अजित के आरोपों पर भड़की भाजपा दी चेतावनी

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पलटवार करते हुए कहा है कि ‘अजित का यह बयान चुनावी पृष्ठभूमि में आया है। उन्हें ‘अपने गिरेबान में झाँकना चाहिए।’ चव्हाण ने आगे कहा , यदि हम (भाजपा) मुंह खोलने पर आए तो पवार के लिए बहुत सी मुश्किलें पैदा हो जाएंगी, इसका ध्यान पवार को रखना चाहिए। भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुळे नमीडिया से बातचीत में कहा, ‘उन्हें नहीं पता कि पवार ने ऐसा क्यों कहा और उन्हें ऐसे बयान नहीं देने चाहिए थे।

## बिना वोट डाले महायुति की 64 सीटों पर जीत, चुनाव आयोग कराएगा जांच



महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) सहित 29 महानगर पालिकाओं के लिए नामांकन वापसी की अंतिम तिथि दो जनवरी थी। इसके बाद 15 जनवरी को मतदान होगा और इसके अगले दिन चुनाव परिणाम आएंगे। इन चुनावों में महायुति गठबंधन के 64 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की है। मतदान में अभी वक्त है और ऐसे में महायुति के एक साथ इतने उम्मीदवारों के निर्विरोध जीतने पर सवाल उठ रहे हैं। इसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने इस मामले में कुछ सीटों पर जांच के आदेश दिए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों के नामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। चुनाव आयोग जांच के जरिए पता लगाएगा कि आखिर क्या दबाव या लालच के काण कुछ उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए थे।



## असम सरकार और द हंस फाउंडेशन मिलकर करेंगे टी गार्डन मॉडल स्कूलों में संगीत प्रतिभा की खोज

गुवाहाटी। चाय बागान समुदायों में समग्र शिक्षा को सशक्त बनाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, द हंस फ़ाउंडेशन ने असम सरकार के माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से राज्य के चाय बागान क्षेत्रों में स्थित मॉडल स्कूलों में एक बड़े पैमाने पर संगीत प्रतिभा खोज और मेंटरशिप पहल की घोषणा की है। यह पहल शोनितपुर, तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ जिलों के चाय बागान क्षेत्रों में स्थित 54 मॉडल स्कूलों को कवर करती है, जिसे द हंस फाउंडेशन और असम सरकार के संयुक्त सहयोग से लागू किया जा रहा है। वर्तमान में यह फाउंडेशन इन स्कूलों को अपने ‘उत्तम शिक्षा’ कार्यक्रम के तहत समर्थन प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य चाय जनजाति के बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुँच, गुणवत्ता और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करना है।

## एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 का दिल्ली कैंट में भव्य शुभारंभ हुआ



नई दिल्ली। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 का शुभारंभ दिल्ली कैंट स्थित डीजी एनसीसी शिविर में भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस वर्ष आयोजित आरडी शिविर में देशभर से कुल 2,406 कैडेट भाग ले रहे हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के 127 कैडेट तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के 131 कैडेट शामिल हैं। इसके अलावा, यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम (वाईईपी) के अंतर्गत 25 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी इस शिविर में सहभागिता कर रहे हैं। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कोर की स्थापना के 77 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी कैडेटों और अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कैडेटों को गणतंत्र दिवस से पूर्व राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, मूल्यों और परंपराओं से परिचित कराने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

## ईरान में फंसे 3 हजार भारतीय छात्र, जरूरी कदम उठाए सरकार

### भारतीय मेडिकल एसोसिएशन ने लिखी जयशंकर को चिट्ठी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान में आर्थिक संकट के बीच लगातार फैल रहे हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन के फॉरन स्टूडेंट विंग ने शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से दखल देने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि इस समय करीब 3,000 भारतीय मेडिकल छात्र मध्य-पूर्व के इस देश में हैं, जहां कई शहरों में अशांति फैलती जा रही है। इस चिट्ठी में ईरान में मौजूद भारतीय मेडिकल छात्रों और उनके परिवार वालों में सुरक्षा का भरोसा बहाल करने की अपील की गई है।

### पीएम मोदी से भी किया गया अनुरोध

इससे पहले शुक्रवार को जम्मू और कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर उनसे दखल की मांग की थी, ताकि वहां रह रहे भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, खासकर जो घाटी से हैं और ईरान में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

### स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने लिखी चिट्ठी

*विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखी चिट्ठी में ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन के जम्मू और कश्मीर यूनिट के वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद मोमिन खान ने ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए कहा है कि वहां हालात तेजी से खराब होते जा रहे हैं। चिट्ठी के अनुसार, ‘ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन की ओर से मैं ईरान में वर्तमान स्थिति और वहां मेडिकल की पढ़ाई कर रहे करीब 3,000 भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा और हितों को लेकर बढ़ती हुई चिंता की ओर आपका ध्यान खींचना चाहता हूं।’ क्षेत्र में बदलते हालात और वर्तमान अनिश्चितता को देखते हुए, पूरे देश में रह रहे भारतीय मेडिकल छात्र और उनका परिवार बहुत ज्यादा चिंता में हैं। इन छात्रों का नामांकन पूरे ईरान भर के अलग-अलग मेडिकल यूनिवर्सिटी में है। उनकी सुरक्षा के लिए सरकार कदम उठाए।’*

**पाक में इमरान खान को समर्थन पड़ा भारी**

## 7 पत्रकारों, यूट्यूबर और पूर्व सैन्य अफसरों को उम्रकैद



एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने शुक्रवार को सात लोगों को साल 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई है।

इनमें पत्रकार, यूट्यूबर और पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हैं। ये सजाएं 9 मई 2023 को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद दर्ज मामलों से जुड़ी हैं, जब इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए थे। जिन लोगों को सजा सुनाई गई उनमें से ज्यादातर पाकिस्तान से बाहर हैं और कार्यवाही के दौरान पेश नहीं हुए। अभियोजन ने इन सभी पर देश की संस्थाओं के खिलाफ डिजिटल आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया है। कहा गया कि इन सभी ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान और बाद में हिंसा और अशांति भड़काने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया।

### इन लोगों को मिली सजा

अदालत के फैसले के अनुसार, सजा पाने वालों में पूर्व सैन्य अधिकारी से यूट्यूबर बने आदिल राजा और सैयद अकबर हुसैन, पत्रकार वजाहत सईद खान, साबिर शाकिर और शाहीन सेहबाई, कमेंटेटर हैदर रजा मेहदी और विश्लेषक मोईद पीरजादा शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ इस्लामाबाद के रमना और आबपारा पुलिस स्टेशनों में मामले दर्ज किए गए थे।

### उम्रकैद के साथ जुर्माना भी

कोर्ट ने उम्रकैद की सजा के साथ-साथ अतिरिक्त जेल की सजा और हर दोषी पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया और आदेश दिया कि जुर्माना नहीं भरा गया तो अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी।

## राजस्थान : स्कूलों में अखबार पढ़ना अनिवार्य

जयपुर। राजस्थान सरकार ने छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने, शब्दावली बढ़ाने और सामान्य ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से एक अहम फैसला लिया है। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में अब दैनिक समाचार पत्र पढ़ना अनिवार्य कर दिया गया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भी हाल ही में सरकारी स्कूलों में अख़बार पढ़ना अनिवार्य किया है। उसके एक सप्ताह बाद राजस्थान सरकार का यह निर्णय सामने आया है।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Vineet Kumar, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar**
Vansh son of Pawan Kumar son of Krishan Kumar through his mother Ritika wife of Pawan Kumar
Vs.
Pawan Khurana son of Krishan Kumar
**CNR No. HRJR02-001467-2025**
**Next Date:- 04-02-2026**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
Pawan Khurana son of Krishan Kumar :- R/o Haripura Mohalla Silani Gate Jhajjar District Jhajjar
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 04-02-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
**Sd/- Vineet Kumar, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar**
Dated, this day of 01-01-2026

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## 10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल में ‘निष्पक्षता’ की होगी जांच

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाओं, इंटरनल असेसमेंट और प्रोजेक्ट मूल्यांकन को लेकर सभी संबद्ध स्कूलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता, समानता और निष्पक्षता बनाए रखना अनिवार्य है। सीबीएसई ने दोहराया कि प्रैक्टिकल परीक्षाएं और इंटरनल असेसमेंट बोर्ड परीक्षा प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा हैं और इन्हें निर्धारित सिलेबस, मार्किंग स्कीम और बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आयोजित किया जाना चाहिए। नियमों से किसी भी तरह का विचलन पाए जाने पर स्कूलों के खिलाफ सीबीएसई एफिलिएशन बायलॉज के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

### वास्तविक प्रदर्शन के आधार पर अंक देने के निर्देश


बोर्ड ने साफ शब्दों में कहा है कि प्रैक्टिकल और इंटरनल असेसमेंट में दिए गए अंक छात्रों के वास्तविक प्रदर्शन को दर्शाने चाहिए। अंकों में अनावश्यक बढ़ोतरी या की हेरफेर को गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।

### स्कूल प्रमुखों की बढ़ी जिम्मेदारी

सीबीएसई ने स्कूल प्रमुखों को पूरी मूल्यांकन प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है। यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी शिक्षक और परीक्षक मूल्यांकन मानदंडों से पूरी तरह परिचित हों।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इनाम उर्फ इन्ना, पुत्र इस्मिल निवासी ग्राम जमालगढ़ थाना पुन्हाना मेवात, हरियाणा** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 016853/25 धारा 305(बी)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना शाहीन बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **इनाम उर्फ इन्ना** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **इनाम उर्फ इन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 016853/25 धारा 305(बी)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना शाहीन बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इनाम उर्फ इन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **12.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।
आदेशानुसार
डॉ. नूपुर गुप्ता
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, दक्षिण-पूर्वी जिला
साकेत कोर्ट्स, नई दिल्ली
DP/17133/SE/2025

## शब्द पहेली - 6098




**बाएँ से दाए-**
1.एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4.दान देने वाला-4
7.सवारी गाड़ी-2
8.संख्या,रत्न-2
10.जाप,मंत्र पाठ-2
12.आक्रमणकारी-5
14.अपशिष्ट पदार्थ-2
15.दिन,प्रहार-2
16.भीगा हुआ-2
17.शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19.कीमती-4
20.आलसी,निष्ठाहीन-5
21.जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22.गारंटी,मुचलका-4
24.रिश्तेदार-2
25.शेर,नाहर-2
26.पिटाई,चोट-2
27.निम्नता,न्यूनता-5
31.परिणाम,निष्कर्ष-2
32.महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33.मूल,कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2.सवेरा,भोर-3
3.सांभर जैसा आहार -3
4.दैत्य,असुर-3
5.शहर-3
6.तरुण,जवान-4
9.एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11.ईश्वर,रब-7
13.डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14.भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18.अधीन-3
19.निवेदन,प्रार्थना-3
21.असमतल-4
23.धमाका, सनसनी-4
27.करिश्मा-3
28.बारीक-3
29.कपड़े धोनेवाला-3
30.पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 6097 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |



**भारत की स्वदेशी रक्षा प्रणाली पिछले एक दशक में 'आयात निर्भरता' से 'आत्मनिर्भरता' की ओर तीव्रतापूर्वक बढ़ी है। देश ने रक्षा क्षेत्र में न केवल अपनी तकनीकी व प्रौद्योगिकीय क्षमता को सिद्ध किया है, बल्कि हमारा देश वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में भी उभरा है। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। भारत अब इसके हाइपरसोनिक संस्करण ब्रह्मोस-दो पर काम कर रहा है, जो मैक 7 से अधिक गति प्राप्त करने में सक्षम है। सन् 2029 तक रक्षा सामग्री उत्पादन का लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। रक्षा सामग्री का कुल निर्यात 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें विगत वर्ष की तुलना में बारह फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ब्रह्मोस मिसाइल जैसे सौदे और स्वदेशी उत्पादन पर फोकस किए जाने के कारण आज भारत डिफेंस सेक्टर में ग्लोबल पावर बन कर उभर रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम 'सुदर्शन चक्र' के सफल परीक्षण से हमारे पारंरिक शत्रु सकते में हैं। भारतीय रक्षा व्यवस्था के लिए जिस तेजी के साथ स्वदेश में ही आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है, यकीनन वह दिन दूर नहीं है, जब भारत रक्षा क्षेत्र के उत्पादन में अपने पैरों पर पूर्णतया खड़ा हो जाएगा। भारत की रक्षा क्षेत्र में इसी उपलब्धि का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# रक्षा उत्पादन का स्वदेशीकरण



**विश्लेषण**
प्रभात कुमार रॉय
वरिष्ठ स्तंभकार

**2026 में भारत अपने गतिशील कदमों से आगे बढ़ रहा है, किंतु सन् 2025 को भारतीय रक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष के तौर पर सदैव स्मरण किया जाएगा, क्योंकि इस वर्ष को आधिकारिक तौर पर रक्षा क्षेत्र में बुनियादी सुधारों का वर्ष घोषित किया गया था। रक्षा क्षेत्र में देश ने आत्मनिर्भरता, ऑपरेशनल स्वायत्तता, रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन, रक्षा सामग्री के निर्यात और संस्थागत सुधारों में अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त की है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण और वैश्विक रक्षा कूटनीति में इस वर्ष ने एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की एक शानदार और आकर्षक तस्वीर पेश की है।**

भारत की रक्षा व्यवस्था के जटिल यक्ष प्रश्न की विवेचना करनी है तो फिर सबसे पहले अत्यंत शक्तिशाली चीन की सैन्य चुनौती हमारे समक्ष उपस्थित हो जाती है। सन् 1947 में आजादी हासिल करने के पश्चात शांति और अहिंसा का परचम लहराते हुए तत्काल तौर पर भारतीय हुकूमत द्वारा अपनी रक्षा व्यवस्था पर समुचित ध्यान केंद्रित नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप 1962 में विस्तारवादी फितरत के चीन द्वारा जब भारत पर भीषण आक्रमण अंजाम दिया गया तो फिर भारत को शर्मनाक तौर पर सैन्य पराजय का सामना करना पड़ा। इस ऐतिहासिक पराजय के तत्पश्चात भारत ने अपनी रक्षा व्यवस्था पर समुचित ध्यान देना प्रारंभ किया और सन् 1965 के भारत-पाक युद्ध में भारत ने अपनी फतह का झंडा लहरा दिया। भारत वस्तुतः पाकिस्तान को चार विकट युद्धों में पराजित कर चुका है। यहां तक कि सन् 1971 में बांग्लादेश युद्ध में पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित भी कर चुका है। विगत तकरीबन 36 वर्षों से कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का भी अत्यंत कामयाबी से मुकाबला कर रहा है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान में संचालित आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने में जबरदस्त कामयाबी हासिल की है।

## विदेशी सैन्य निर्भरता

आजादी के तत्पश्चात एक लंबे ऐतिहासिक दौर तक भारत को अपनी सेना के लिए आधुनिकतम सैन्य अस्त्र शस्त्रों की खातिर विदेशी सैन्य शक्तियों पर, विशेष कर सोवियत रूस पर निर्भर बना रहना पड़ा। लड़ाकू विमानों से लेकर टैंक, तोप, बारुद तक भारत की सैन्य निर्भरता रूस पर कायम रही। भारत में सन् 1988 में सोवियत रूस में निर्मित मिसाइल पृथ्वी का कामयाब परीक्षण किया गया। सन् 1990 में सोवियत रूस में निर्मित मिसाइल आकाश का सफल परीक्षण किया गया और वर्ष 2008 में इसे भारतीय वायु सेना को प्रदान किया गया। सन् 2001 में भारत द्वारा रूस के टेक्नोलॉजिकल सहयोग से निर्मित की गई ब्रह्मोस मिसाइल को भारतीय रक्षा व्यवस्था में शामिल किया गया। 21वीं शताब्दी के प्रारंभिक काल से ही भारत ने अपनी रक्षा उद्योगों में आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के स्वदेश में ही निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) द्वारा भारतीय रक्षा व्यवस्था के लिए आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के निर्माण में विशिष्ट किरदार निभाया गया है। सैन्य रक्षा उद्यमों में रक्षा सामग्री का स्वदेश में निर्माण करने के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में भारत सरकार द्वारा प्राइवेट सेक्टर को भी निवेश करने की अनुमति प्रदान कर दी गई।




## एयर डिफेंस सिस्टम

26 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डिफेंस मिशन सुदर्शन चक्र के तहत रूस द्वारा प्रदत एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 का भारत में ही निर्माण करने का ऐलान किया गया। उल्लेखनीय है कि रूस द्वारा सन् 2018 में भारत को एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम निर्माण टेक्नोलॉजी के साथ प्रदत्त किया गया था। अमेरिका द्वारा इजराइल को प्रदत्त आयरन डोम की तुलना में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम रक्षा विशेषज्ञों द्वारा कहीं अधिक कारगर करार दिया जाता है। भारत और इजराइल रक्षा सहयोग के तहत बराक-8 और स्पाइडर मिसाइल प्रोजेक्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 2026 में भारत अपने गतिशील कदमों से अग्रसर हो रहा है, किंतु सन् 2025 को भारतीय रक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष के तौर पर सदैव स्मरण किया जाएगा, क्योंकि इस वर्ष को आधिकारिक तौर पर रक्षा क्षेत्र में बुनियादी सुधारों का वर्ष घोषित किया गया था। रक्षा क्षेत्र में भारत द्वारा आत्मनिर्भरता, ऑपरेशनल स्वायत्तता, रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन, रक्षा सामग्री के निर्यात और संस्थागत सुधारों में अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त की है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण और वैश्विक रक्षा कूटनीति में इस वर्ष ने एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की एक शानदार और आकर्षक तस्वीर पेश की है।

## रक्षा उत्पादन उच्च स्तर पर

वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचकर 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में अट्ठारह फीसदी अधिक रहा और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में नब्बे फीसदी की वृद्धि हासिल की है। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने सत्तर फीसदी का योगदान दिया, जबकि निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़कर तेईस फीसदी हो गई। रक्षा सामग्री का कुल निर्यात 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें विगत वर्ष की तुलना में बारह फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। जिसमें निजी क्षेत्र और डीपीएसयू द्वारा क्रमशः 15,233 करोड़ रुपये और 8,389 करोड़ रुपये का योगदान रहा। सन् 2029 के लिए रक्षा सामग्री के निर्यात लक्ष्य 50,000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में रक्षा मंत्रालय को रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में दस फ़ीसदी अधिक और कुल बजट का चौदह फ़ीसदी हैं, जोकि सभी मंत्रालयों में सबसे अधिक है। पूंजीगत व्यय 1.80 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें से 75 फीसदी (1.12 लाख करोड़ रुपये घरेलू खरीद के लिए और 28,000 करोड़ रुपये निजी उद्योग के लिए आरक्षित रहे। सुधारों के सन् 2025 के लक्ष्य के अनुरूप ही सन् 2026 में भी रक्षा उद्योगों के स्वदेशीकरण और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के समावेश का लक्ष्य रखा गया है। 23 अक्टूबर को जारी और एक नवंबर से लागू होने वाले डिफेंस प्रोक्योरमेंट मैनुअल 2025 ने सालाना लगभग एक लाख करोड़ रुपये की रेवेन्यू प्रोक्योरमेंट प्रक्रियाओं को भी आसान बनाया गया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 62,370 करोड़ रुपये में 97 एलसीए विमानों के निर्माण करने का ऑर्डर दिया गया है, मिसाइलों, रडारों और गोला-बारूद के लिए डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के साथ कई रक्षा अनुबंध किए गए हैं।

## एरो इंडिया का आयोजन

सन् 2029 तक रक्षा सामग्री उत्पादन का लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। नई दिल्ली में डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग-डीपीएसयू-भवन का उद्घाटन अंजाम दिया गया और बेंगलुरु में एरो इंडिया 2025 का सफल आयोजन किया गया । भारतीय रक्षा व्यवस्था के लिए जिस तेजी के साथ स्वदेश में ही आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है, यकीनन वह दिन दूर नहीं है, जबकि भारत रक्षा क्षेत्र के उत्पादन में अपने पैरों पर पूर्णतया खड़ा हो जाएगा

# उल्लेखनीय है स्वदेशी रक्षा प्रणाली की प्रगति



**मुद्दा**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

आधुनिक युग में विश्व के किसी भी राष्ट्र की महत्ता जिन शक्तिशाली संसाधनों के आधार पर निर्धारित होती है, उनमें युद्धक अस्त्र-शस्त्र प्रथम हैं। भारत के संदर्भ में विचार किया जाए तो गत साढ़े आठ दशकों से इस दिशा में यहां उत्तरोत्तर प्रगति होती रही। हमारे रक्षा वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं तथा अन्यान्य संबद्ध कर्मचारियों ने राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर इस संबंध में अविस्मरणीय कार्य किए हैं। विशेषकर गत चौदह-पंद्रह वर्षों में रक्षा अनुसंधान, निर्माण, उत्पादन, मित्र राष्ट्रों के साथ सहयोग पर आधारित आधुनिक रक्षण प्रणालियों की खोज व निर्माण तथा अंततः रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने के बाद निर्यात में भी अग्रिम पंक्ति के देशों में सम्मिलित होने की उपलब्धि सराहनीय है। भारत की स्वदेशी रक्षा प्रणाली पिछले एक दशक में 'आयात निर्भरता' से 'आत्मनिर्भरता' की ओर तीव्रतापूर्वक बढ़ी है। सन् 2025 तक भारत ने रक्षा क्षेत्र में न केवल अपनी तकनीकी व प्रौद्योगिकीय क्षमता को सिद्ध किया है, बल्कि हमारा देश वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में भी उभरा है। आज यहां आधुनिक अस्त्र-शस्त्रों का बड़े पैमाने पर नवोन्नत ढंग से निर्माण हो रहा है। नित नवीन स्वदेशी रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। इस क्षेत्र में मित्र देशों के साथ खोज से लेकर उत्पादन तक उपयोगी साझेदारियां भी की जा रही हैं। वर्तमान में देश की आधुनिक प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) प्रणाली एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रक्षेपास्त्रीय तकनीक विश्व की सबसे उन्नत प्रणालियों में से एक है। इस उन्नतिकरण में 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की विशाल भूमिका रही है। इसके अंतर्गत अग्नि-5 और अग्नि-6 अति उल्लेखनीय है। इस वर्ष तक भारत की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता अत्यधिक परिष्कृत हो चुकी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अग्नि-5 की मारक क्षमता 5000 किलोमीटर से अधिक है। इस प्रयास से प्रेरित होकर अब अग्नि-6 का निर्माण हो रहा है, जो मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल तकनीक से युक्त है। गत वर्ष मई माह में ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ हुए अल्पावधि के युद्ध में देशवासियों ने ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र का युद्धक प्रदर्शन देखा ही था। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। भारत अब इसके हाइपरसोनिक संस्करण ब्रह्मोस-दो पर काम कर रहा है, जो मैक 7 से अधिक गति प्राप्त करने में सक्षम है। प्रलय मिसाइल का भी उल्लेख हो रहा है। यह एक कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे विशेष रूप में पारंपरिक युद्ध के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्र की वायु रक्षा प्रणाली भी प्रशंसनीय है। शत्रु के वायु मार्गीय आक्रमणों को वायुक्षेत्र में ही नष्ट करने के लिए भारत ने एक बहुस्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है। इसके अंतर्गत पहले वर्णन आता है आकाश का। यह कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसके नए संस्करण 'आकाश प्राइम' में स्वदेशी एक्टिव रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगा है। वीशॉड्र्स नामक एक मैनपैड मिसाइल भी भारत में बनी है। ये बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो युद्धक प्रतिरोध के लिये विश्वसनीय होने के साथ-साथ पर्वतों में सैनिकों द्वारा सुगमता से कंधे पर लादकर उपयोग की जा सकती है। समर का उल्लेख भी आवश्यक है। ये भारतीय वायु सेना द्वारा विकसित प्रणाली है, जो पुरानी रूसी मिसाइलों को आधुनिक लॉन्चर के साथ जोड़कर बनाई गई है। इस समय स्वदेशी लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर के विनिर्माण में भी तेजी आई है। भारतीय वायु सेना 'मेक इन इंडिया' के अंतर्गत विकसित विमानों पर अधिक भरोसा कर रही है। इस श्रृंखला का महत्वपूर्ण अंग है तेजस। तेजस एमके1ए एवं एमके2 भी नवोन्नत विमान हैं। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में बन रहे दो रक्षा उत्पादन केंद्रों ने निजी और सरकारी क्षेत्र के निर्माण को गति दी है। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में रुपये 21,083 करोड़ का ऐतिहासिक रक्षा निर्यात किया, जो गत वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है। भारत अब 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। भारतीय शासन ने 2024-25 तक रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 1.75 लाख करोड़ रखा था, जिसमें 35,000 करोड़ का निर्यात लक्ष्य सम्मिलित है, जिसे पाने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन ने 5,000 से अधिक रक्षा मदों की 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' निर्गत की है। इन मदों का निर्माण अब केवल भारत में ही किया जाएगा।

***इस वर्ष तक भारत की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता अत्यधिक परिष्कृत हो चुकी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अग्नि-5 की मारक क्षमता 5000 किलोमीटर से अधिक है।***

# स्वदेशी मिसाइल शक्ति ने बदली सामरिक तस्वीर



**तकनीक**
कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार

साल के आखिरी दिन ओडिशा के तट पर आसमान में जो दृश्य उभरा, उसने भारत की सामरिक क्षमता को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। कुछ ही सेकंड के अंतर पर दागी गईं दो प्रलय मिसाइलें न सिर्फ अपने तय लक्ष्यों तक सटीकता के साथ पहुंचीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक अब परिपक्वता के उस स्तर पर पहुंच चुकी है, जहां भरोसे, सटीकता और ताकत एक साथ दिखाई देती है। परीक्षण के बाद जो निष्कर्ष सामने आया, उसने रक्षा वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के आत्मविश्वास को और मजबूत किया। प्रलय मिसाइल पूरी तरह स्वदेशी है और सॉलिड फ्यूल पर आधारित है। यह तथ्य अपने आप में अहम है, क्योंकि सॉलिड फ्यूल मिसाइलें त्वरित प्रतिक्रिया, आसान रखरखाव और अधिक विश्वसनीयता के लिए जानी जाती हैं। इस मिसाइल में अत्याधुनिक इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगाया गया है, जो उड़ान के दौरान उसे अपने रास्ते से भटकने नहीं देता। यही वजह है कि प्रलय तय लक्ष्य तक बिल्कुल सही दिशा में पहुंचती है और अंतिम क्षणों में भी सटीकता बनाए रखती है। आधुनिक युद्ध में जहां सेकंडों का महत्व होता है, वहां यह क्षमता निर्णायक साबित हो सकती है। इसकी तेज रफ्तार के कारण दुश्मन को प्रतिक्रिया का मौका तक नहीं मिल पाता। जब तक यह समझ में आए कि हमला हुआ है, तब तक लक्ष्य पर विनाशकारी असर हो चुका होता है। यही कारण है कि प्रलय को थिएटर लेवल की बैलिस्टिक मिसाइल के तौर पर देखा जा रहा है, जो पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के युद्ध परिदृश्यों में भारत को बढ़त दिला सकती है। यह स्पष्ट है कि भारत अब केवल आयातक देश नहीं रहा, बल्कि रक्षा तकनीक के क्षेत्र में नवाचार करने वाला और समाधान देने वाला देश बन रहा है। दुश्मन देशों के लिए यह संदेश साफ है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की ढिलाई बरतने वाला नहीं है। प्रलय जैसी मिसाइलें यह साबित करती हैं कि अगर जरूरत पड़ी, तो भारत तेजी से और सटीक जवाब देने में सक्षम है। यही कारण है कि इस परीक्षण के बाद दुश्मन देशों की भृकुटियां तनना स्वाभाविक है। यह सिर्फ एक मिसाइल का सफल परीक्षण नहीं, बल्कि भारत की सामरिक दृढ़ता और तकनीकी क्षमता का सार्वजनिक प्रदर्शन है। आने वाले समय में जब प्रलय मिसाइल आधिकारिक तौर पर सेना में शामिल होगी, तो यह भारतीय सशस्त्र बलों की मारक क्षमता को एक नई धार देगी। देश के वैज्ञानिक और सैनिक मिलकर भारत की सुरक्षा को मजबूत बनाने में लगातार जुटे हुए हैं। साल के आखिरी दिन हुआ यह परीक्षण नए साल के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि भारत आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

***यह स्पष्ट है कि भारत अब केवल आयातक देश नहीं रहा, बल्कि रक्षा तकनीक के क्षेत्र में नवाचार करने वाला और समाधान देने वाला देश बन रहा है।***

# भारतीय रक्षा व्यवस्था की विश्व पटल पर बन रही पहचान



**उपलब्धि**
योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत जैसे देश को युद्ध व लड़ाइयों को लेकर हमेशा तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन हमेशा ही विजय प्राप्त की। इसका कारण था कि हमारी रक्षा व्यवस्था व सैन्य शक्ति को हम समय-समय पर अपडेट व अपग्रेड करते रहे। हमारे शौर्य का जलवा पूरा विश्व जानता है। देश की रक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में डीआरडीओ का बड़ा योगदान रहा है। अपने 68 साल के इतिहास में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं।

बीता वर्ष डीआरडीओ के लिए ऐतिहासिक रहा चूंकि 1.30 लाख करोड़ की डील करने में सफलता हासिल की है। यह एक साल में अभी तक का सर्वाधिक आंकड़ा बताया जा रहा है जिसको देखकर विश्व के संपन्न देश भी चौक गए। डिफेंस सेक्टर में भारत ग्लोबल पावर बनता जा रहा है। डीआरडीओ के वैज्ञानिकों का ही कमाल है कि भारत आज के दिन डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्टर बन गया है। आज इस उपलब्धि से देश का हर नागरिक खुश है तो वहीं दूसरी ओर विश्व पटल पर हमारी इज्जत बढ़ी है। लगभग दो दशक पूर्व भी कुछ शक्तिशाली देश हमें रक्षा व्यवस्था के आधार पर बेहतरीन नहीं मानते थे। समय बदला तो बाहरी देशों की मिथ्या बदली, चूंकि रक्षा व्यवस्था को लेकर हमारा बजट व सोच बहुत बड़े स्तर पर बढ़ी।

भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किया है, जो पिछले वर्ष के 6.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक है और इसमें सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.82 लाख करोड़ के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इतने बड़े बजट के साथ हम बलशाली बनकर उभरे हैं। आज हम जनसंख्या के आधार पर प्रथम स्थान पर आते हैं और हमारे देश पर सबकी निगाहें रहती हैं, जिसकी वजह से हमें हर समय चौकन्ना रहना होता है। डीआरडीओ की 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान चीफ कामत ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2025 में लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपये मूल्य की 22 स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के लिए 'एक्सेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी' प्रदान की है। यह किसी एक वर्ष में दी गई सबसे अधिक मंजूरी है।



**भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किया है। इसमें सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 1.82 लाख करोड़ के पूंजीगत अनुबंध किए हैं।**

इस प्रकरण की सबसे अच्छी बात यह है कि सभी प्रणालियां भारतीय उद्योगों द्वारा निर्मित की जाएंगी, जिससे देश की रक्षा उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। डीआरडीओ द्वारा विकसित जिन प्रमुख सिस्टम्स को एओएन मिली है उनमें इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम, कन्वेंशनल बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम, क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम 'अनंत शास्त्र', लंबी दूरी की हवा से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-II और हवा से हवा में मार करने वाली 'अस्त्र' एमके-II मिसाइल शामिल हैं। इसके अलावा एंटी-टैंक नाग मिसाइल सिस्टम एमके-2, एडवांस्ड लाइटवेट टॉरपीडो, प्रोसेसर बेस्ड मूरड माइन की नेक्स्ट जनरेशन, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल वनए, माउंटेन रडार और एलसीए तेजस एमके-1ए के लिए फुल मिशन सिम्युलेटर को भी मंजूरी दी गई है। एओएन रक्षा खरीद प्रक्रिया का पहला और अहम चरण होता है। भारत की सैन्य शक्ति लगातार मजबूत हो रही है। खासकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों के तहत स्वदेशी उत्पादन, गोला-बारूद में आत्मनिर्भरता, उन्नत मिसाइलों (प्रलय, ब्रह्मोस) के सफल परीक्षण, और ड्रोन व नई तकनीक के एकीकरण के कारण जिससे भारत एक बड़ी रक्षा शक्ति के रूप में उभर रहा है और आयात पर निर्भरता कम कर रहा है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत सबसे शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है और पाकिस्तान टॉप-10 से बाहर हो गया है। भारत के पास बड़ी संख्या में सक्रिय सैनिक, टैंक, विमान और नौसैनिक पोत हैं और यह लगातार अपनी सैन्य क्षमता में भी वृद्धि कर रहा है। आज जरूरत है कि हम अपनी रक्षा व्यवस्था को लगातार अपडेट व अपग्रेड करते रहें।

# डीआरडीओ ने दी देश की डिफेंस क्षमता को नई ऊंचाई



**योगदान**
डॉ. एन. के. सोमानी
स्वतंत्र स्तंभकार

बीते वर्ष ने भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत को यह उपलब्धि इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम 'सुदर्शन चक्र' (आईएडीडब्लूयएस) के सफल परीक्षण के जरिए हासिल हुई है। आईएडीडब्लूयएस के सफल परीक्षण के बाद न केवल भारत की एयर डिफेस क्षमता नई ऊंचाई पर पहुंच गई है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी बड़ी मजबूती मिली है। अहम बात यह है कि आईएडीडब्लूयएस पूरी तरह से भारत में स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया रक्षा उपकरन है। इस बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा तैयार किया गया है।

इसमें क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस मिसाइल और लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल है। यह प्रणाली दुश्मन देशों की ओर से लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर, ड्रोन और क्रुज मिसाइल से किए गए हमलों को अलग-अलग स्तर पर रोकने और दुश्मन के विमानों को हवा में ही मार गिराने में मदद करती है। खासतौर पर इसमें लगा हाई-पावर लेजर हथियार पलक झपकते ही शत्रु के हवाई लक्ष्यों को नष्ट कर सकता है। इस साल के अंत तक आईएडीडब्लूयएस को सेना में शामिल कर किए जाने की संभावना है।

आईएडीडब्लूयएस के सफल परीक्षण के बाद भारत उन चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है जिनके पास आधुनिक और बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली मौजूद है। दरअसल भारत को लंबे समय से पश्चिम और उत्तर-पूर्व से सामरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम में पाकिस्तान और उत्तर-पूर्व में चीन से उसके संबंध तनाव पूर्ण हालात में रहे हैं। भारत के दोनों परम्परगात शत्रुओं के पास आधुनिक लड़ाकू विमान, क्रुज मिसाइलें, बैलिस्टिक मिसाइलें और उच्च तकनीक के ड्रोन सिस्टम का बड़ा जखीरा है। ऐसी स्थिति में भारत एक ऐसी प्रतिरक्षा प्रणाली की आवश्यकता महसूस कर रहा था तो शत्रु देशों के हवाई हमलों को नाकाम कर सके। आईएडीडब्लूयएस 'सुदर्शन चक्र' भारत की इसी सोच का परिणाम है। भारत का सुरक्षा कवच 'सुद्रर्शन चक्र': मिसाइल डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र अपनी तकनीकी क्षमताओं के कारण बेहद खास है। यह सिस्टम 2500 किलोमीटर तक की रेंज में पाकिस्तान और चीन से आने वाली मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम होगा। सुदर्शन चक्र 150 किलोमीटर की ऊंचाई तक हवा में किसी भी मिसाइल को इटरसेप्ट करने में सक्षम होगा। इसमें आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस और लेजर-गाइडेड सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों का भी इस्तेमाल हुआ है। यह 5 किलोमीटर प्रति सेंकड की रफ्तार से मिसाइल दाग सकता है और इसकी संरचना एक ग्रांउड-बेस्ट और स्पेस बेस्ड हाइब्रिड सिस्टम पर आधारित है जिसमें सैटेलाइट और रडार नेडवर्क दोनों शामिल है। इसका लक्ष्य दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल, क्रुज मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियारों को निष्क्रिय करना है। इसकी अनुमानित लागत 50,000 करोड़ रूपये बताई जा रही है। कहना गलत नहीं होगा कि सुदर्शन चक्र भारतीय वायु सेना के लिए एक आधुनिक एकीकृत और शक्तिशाली 'आयरन डोम' है, जो देश के संवेदनशील क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे की हवाई हमलों से रक्षा करने में मदद करेगा। साल 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद देश की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने व रक्षा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। सरकार के इन प्रयासों को गति देने व देश की रक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में डीआरडीओ का बड़ा योगदान रहा है। डीआरडीओं न केवल भारत की रक्षा जरूरतों को पुरा कर रहा है बल्कि भारत के हथियार निर्यात को भी बढ़ा रहा है। वर्तमान में भारत 100 से अधिक देशों का रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया प्रमुख खरीददार है। इसके अलावा रूस, इटली, संयुक्त अरब अमीरात, फिलीपींस, सऊदी अरब, स्पेन, अर्जेंटीना, नाइजीरिया, वियतनाम और मॉरिशस भी भारत से हथियार खरीद रहा है। भारत इन देशों को तेजस विमान, आकाश मिसाइल, पिनाक रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी गन और ब्रहमोस जैसी मिसाइलों के साथ-साथ सॉफ्टवेयर व कल-पुर्जे भी निर्यात कर रहा है। डीआरडीओं का योगदानः आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर भारत दुनिया की बड़ी ताकत के तौर पर उभर रहा है। सैन्य मोर्चे पर भारत को शक्तिशाली देश बनाने में डीआरडीओं का बड़ा योगदान रहा है। डीआरडीओ ने न केवल आधुनिक हथियारों का अनुसंधान एवं विकास कर देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने में योगदान दिया है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वन को गति देने में भी बड़ी भूमिका निभाई है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि डीआरडीओं ने स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को मजबूती देने के लिए कई पहल की है। ब्रहमोस मिसाइल जैसे सौदे और स्वदेशी उत्पादन पर फोकस किए जाने के कारण आज भारत डिफेंस सेक्टर में ग्लोबन पॉवर बन कर उभर रहा है। कोई दो राय नहीं कि इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम 'सुदर्शन चक्र' के सफल परीक्षण से हमारे पारंरिक शत्रु सकते में हैं।




**डीआरडीओ ने न केवल आधुनिक हथियारों का अनुसंधान एवं विकास कर देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने में योगदान दिया है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी गति दी है।**



# न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल संभालेंगे कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 11 जनवरी से होना है। इसके लिए बीसीसीआई ने वनडे टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। इसमें टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल गर्दन मे इंजरी के बाद पूरी तरह से वापस आ गए हैं जबकि उपकप्तान श्रेयस अय्यर और तेज गेंदबाज सिराज की वापसी हुई है। उनकी वापसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फाइनल फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर है। वह पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ सिडनी वनडे में चोटिल हो गए थे।



### हार्दिक का वर्कलोड मैनेज

वहीं टीम इंडिया के धाकड़ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर जगह बनाने से चूक गए। इस बीच, हार्दिक पंड्या को पूरे 10 ओवर गेंदबाजी करने की इजाजत नहीं मिली है, जिसके चलते टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को ध्यान से मैनेज कर रहा है और उन्हें वनडे सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। दरअसल इसके बाद भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप खेलेगी, जिसे देखते हुए सेलेक्टर्स खिलाड़ियों की फिटनेस और लंबे समय तक तैयार रहने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### अय्यर-सिराज की वापसी



### वनडे टीम इंडिया का स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा,प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल.

### इन प्लेयर्स को मिला मौका

शुभमन गिल चोट के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे टीम में बने रहेंगे। टीम में विकेटकीपिंग ऑप्शन के तौर पर केएल राहुल और ऋषभ पंत भी शामिल हैं, साथ ही ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैं। तेज गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज संभालेंगे, जिन्हें अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा का साथ मिलेगा, जबकि कुलदीप यादव स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### वनडे सीरीज का शेड्यूल

| तारीख | मैच | स्थान |
|---|---|---|
| 11 जनवरी | पहला वनडे | वडोदरा |
| 14 जनवरी | दूसरा वनडे | राजकोट |
| 18 जनवरी | तीसरा वनडे | इंदौर |

## खबर संक्षेप



### मयंक यादव जल्द करेंगे मैदान में वापसी

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन के कारण लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहने के बाद अब अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी करने के लिए फिट होने के करीब हैं। इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचा था। इसके बाद वह सबसे छोटे प्रारुप में भारत के लिए भी खेले। हालांकि पीठ की चोट के कारण वह 2025 में केवल दो प्रतिस्पर्धी मैच ही खेल पाए। मयंक की फिटनेस संबंधी समस्याओं के बावजूद उनकी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस तेज गेंदबाज पर भरोसा दिखाया और पिछले महीने हुई नीलामी से पहले उन्हें अपनी टीम में बनाए रखा।

### चोट के बाद अय्यर फिट खेलेंगे रिटर्न टू प्ले मैच



**मुंबई।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले साल अक्टूबर में लगी तिल्ली (स्पलीन) की चोट से उबरने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच 6 जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। उन्हें तिल्ली में घाव और आंतरिक रक्तस्राव के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नवंबर की शुरुआत में अय्यर को टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब वापसी करने के करीब है।
बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एक सूत्र के अनुसार यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए 50 ओवरों की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में खेलेगा।

## विजय हजारे ट्रॉफी में पडिक्कल ने लगाया शतकों का चौका

# हार्दिक ने एक ओवर में लगाए लगातार 5 छक्के 144.57 की स्ट्राइक रेट से खेली शतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| राजकोट

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का बल्ला जमकर गरज रहा है। हार्दिक ने विजय हजारे ट्रॉफी के इस सीजन के पांचवें चरण के मुकाबले में विदर्भ के खिलाफ तूफानी बैटिंग की और ओवर में लगातार 5 छक्के व एक चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं देवदत्त पडीक्कल ने भी अपने शतकों का चौका पूरा किया।

हार्दिक पंड्या ने विदर्भ के खिलाफ अपना शतक 68 गेंदों पर पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को एक ही ओवर में लगातार 5 छक्के और एक चौका लगाकर यानी 6 गेंदों पर 34 रन बनाकर पूरा किया। विदर्भ के खिलाफ हार्दिक ने इस मैच में 92 गेंदों पर 11 छक्के और 8 चौकों की मदद से 133 रन की जोरदारा पारी खेली। इस पारी के दौरान हार्दिक का स्ट्राइक रेट 144.57 का रहा। हार्दिक की इस पारी के दम पर बड़ोदा ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 293 रन बनाए।

### पंड्या ने विदर्भ के खिलाफ 68 गेंदों पर पूरा किया शतक





### पडिक्कल ने लगाया शतकों का चौका

विजय हजारे के इस सीजन में देवदत्त पडिक्कल का बल्ला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है और 5वें मैच में उन्होंने सीजन का चौथा शतक लगाया। कर्नाटक के इस बैटर ने त्रिपुरा के खिलाफ 120 गेंदों पर 3 छक्का और 8 चौकों की मदद से 108 रन की पारी खेली और उनकी टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 332 रन बनाए। देवदत्त का बल्ला इस सीजन में चल नहीं गरज रहा है। उन्होंने इससे पहले यानी इस सीजन के पहले मुकाबले में झारखंड के खिलाफ 147 रन की पारी खेली थी जबकि दूसरे मैच में केरल के खिलाफ 124 रन बनाए थे। तीसरे मैच में उन्होंने तमिलनाडु के खिलाफ 22 रन की पारी खेली थी जबकि चौथे मैच में पुडुचेरी के खिलाफ 113 रन की की पारी खेली थी। अब 5वें मैच में उन्होंने 108 रन बनाए।

### अक्षर पटेल ने खेली 130 रन की पारी

गुजरात के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने आंध्रा के खिलाफ तूफानी बैटिंग की। इंजरी से वापसी के बाद अक्षर पहली बार मैदान पर उतरे थे और उन्होंने अपने बल्ले का दम दिखाते हुए इस टीम के विरुद्ध 111 गेंदों पर 130 रन ठोक दिए। अक्षर ने अपनी इस पारी के दौरान 5 छक्के और 10 चौके भी जड़े। गुजरात के लिए रवि बिश्नोई ने भी आखिरी पलों में 20 गेंदों पर नाबाद 31 रन का पारी खेली जबकि विशाल जायसवाल ने 60 गेंदों पर 70 रन की बेहतरीन पारी खेली। गुजरात ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 318 रन बनाए। आंध्रा के लिए कप्तान नितीश रेड्डी ने 2 विकेट लिए जबकि सत्यनारायण राजू ने 4 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

### सैमसन ने 90 गेंदों पर ठोका शतक, इशान की टीम हारी

5वें चरण के मुकाबले में केरल ने संजू सैमसन और कप्तान रोहन कुन्नुमल की शानदार शतकीय पारी के दम पर इशान किशन की कप्तानी वाली झारखंड की टीम को हरा दिया। संजू और रोहन ने केरल को जोरदार शुरुआत की, जिसके दम पर इस टीम को आसान जीत मिली।इस मैच में झारखंड ने टॉस जीता था और फिर 50 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए। केरल को जीत के लिए 312 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 42.3 ओवर में 2 विकेट पर 313 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। संजू और रोहन ने पहले विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी करके टीम की जीत की राह आसान कर दी।

## टी20 विश्व कप 2026

### नामीबिया टीम का ऐलान इरास्मस होंगे कप्तान



**दुबई।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए नामीबिया क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी ऑलराउंडर गेरहार्ड इरास्मस करेंगे। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज जेन ग्रीन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिंक और बर्नार्ड शोल्ट्ज शामिल हैं। इसके अलावा, निकोल लॉफ्टी-ईटन, मायबर्ग और मालन क्रूगर नामीबिया की बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करेंगे। तेज गेंदबाज रूबेन ट्रम्पेलमैन और बेन शिकोंगो भी टीम का हिस्सा हैं। क्रिकेट नामीबिया ने एक्स पर लिखा, हमारी टीम भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए तैयार है। टीम और मैनेजमेंट को शुभकामनाएं क्योंकि वे वैश्विक मंच पर नामीबिया का झंडा फहराएंगे। नामीबिया लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। उसे भारत, पाकिस्तान और यूएसए, और नीदरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। नामीबिया टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 10 फरवरी को अरुण जेटली स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगा। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ उसका दूसरा मैच भी अरुण जेटली स्टेडियम में ही खेला जाएगा। 15 फरवरी को चेन्नई में यूएसए के साथ और 18 फरवरी को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में पाकिस्तान के साथ नामीबिया के लीग मैच हैं।

# भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट पर संदेह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**सितंबर में होने वाली सीरीज पर बीसीसीआई की सहमति नहीं**



भारत और बांग्लादेश के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों के कारण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट कुछ समय के लिए ठप पड़ सकता है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के बावजूद भारतीय टीम के दौरे की संभावना कम है। बीसीबी ने शुक्रवार को घोषणा की कि सितंबर में दोनों देशों के बीच सीमित ओवरों की छह मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। उसने बीसीसीआई से परामर्श करने का दावा करते हुए तारीखों की घोषणा भी की। बीसीबी के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम के 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचने के बाद एक, तीन और छह सितंबर को तीन वनडे मैच खेलेगी जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे। यह श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल आयोजित होने वाली थी लेकिन भारतीय बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए रद कर दिया गया था। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि बीसीसीआई इस बार भी सहयोग करने के लिए तैयार नहीं है, जिसका एक बड़ा संकेत आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से 'रिलीज' करने का निर्देश देना है। बांग्लादेश पिछले छह महीने से राजनीतिक हिंसा की चपेट में है और बीसीसीआई इस अस्थिरता की स्थिति में इस देश के दौरे का जोखिम नहीं लेना चाहता है। बांग्लादेश को हालांकि अगले महीने से ही टी20 विश्व कप मैचों के लिए भारत आना है। बीसीसीआई के निर्देशों पर रहमान को आईपीएल से 'रिलीज' किए जाने के बाद बीसीबी का इस पर रुख सबकी नजरों में रहेगा।

## वावरिंका ने जीत के साथ की नए वर्ष की शुरुआत

**पर्थ।** इस सत्र के बाद संन्यास लेने की पहले ही घोषणा कर चुके स्टेन वावरिंका ने 40 वर्ष की उम्र में भी अपने दमखम का शानदार नमूना पेश करते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ नए साल की शुरुआत की। तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वावरिंका ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 5-7, 7-6 (5), 7-6 (5) से हराया। रिंडरकनेच की विश्व रैंकिंग 29 जबकि वावरिंका की 157 है। यह मैच तीन घंटे 16 मिनट तक चला। वावरिंका ने दिसंबर में घोषणा की थी कि यह वर्ष एटीपी टूर पर उनका आखिरी वर्ष होगा। स्विट्जरलैंड की उनकी साथी खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच ने इस मिश्रित टीम प्रतियोगिता के एक अन्य मुकाबले में फ्रांस की लियोलिया जीनजेन को 6-2, 6-4 से हराकर स्विस टीम को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई।



## टेनिस

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नाओमी ओसाका कर सकती हैं वापसी




एजेंसी ▶▶| पर्थ

चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नाओमी ओसाका यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ महसूस कर रही हैं लेकिन उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है।

ओसाका यूनान की मारिया सकारी से 6-4, 6-2 से हार गई थी। उन्होंने मैच के बाद कहा कि वह क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान 'वास्तव में बीमार' हो गई थीं और इसलिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई। मैच के दौरान ओसाका को बीच-बीच में खांसी आ रही थी और वह थकी हुई लग रही थीं। ओसाका ने कहा, 'मैं कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, इसलिए अभी यहां आकर खुशी हो रही है। यह गंभीर नहीं है, लेकिन मैं उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पा रही हूं, जिस स्तर पर मैं करना चाहती हूं, जो थोड़ा निराशाजनक है।'

ओसाका ने कहा, ' मैं अब ठीक होने के करीब हूं, लेकिन अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं हूं। मैं बस हर दिन बेहतर होने की कोशिश कर रही हूं। मुझे खांसी, नाक बहना और इस तरह की कई परेशानियां थीं, इसलिए उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ये सब ठीक हो जाएगा।'

## आईएलटी20 : एमआई एमिरेट्स ने बनाई फाइनल में जगह



**शारजाह।** एमआई एमिरेट्स ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए एक कम स्कोर वाले मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को एमआई एमिरेट्स का सामना डेजर्ट वाइपर्स से होगा। एमआई एमिरेट्स ने नाइट राइडर्स को केवल आठ विकेट पर 120 रन पर रोक दिया और फिर 16.1 ओवर में तीन विकेट पर 122 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नाइट राइडर्स के लिए अलीशान शरफू ने 40 गेंदों में 50 रन बनाए, लेकिन एमआई एमिरेट्स ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर उस पर दबाव बनाए रखा। एमआई एमिरेट्स की तरफ से एएम ग़ज़नफ़र ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुहम्मद रोहिद और फजलहक फारुकी ने दो-दो विकेट हासिल किए। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई एमिरेट्स ने दूसरे ओवर की शुरुआत में ही मोहम्मद वसीम (10) का विकेट खो दिया और आंद्रे फ्लेचर (05) के सस्ते में आउट होने के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 36 रन हो गया। लेकिन टॉम बैंटन (53 गेंदों में नाबाद 64) और शाकिब अल हसन (24 गेंदों में 38) के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने 23 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया।

## पार्ल रॉयल्स ने एमआई केपटाउन को 1 रन से हराया



**पार्ल।** लुआन ड्रे प्रिटोरियस 98 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे पार्ल रॉयल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक मैच में एमआई केपटाउन को एक रन से हराया। प्रिटोरियस शतक बनाने से चूक गए, लेकिन उनकी 69 गेंद पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई शानदार पारी और आसा ट्राइब (34 गेंदों में 51 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की मदद से रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई केपटाउन ने आठ विकेट 180 रन बनाए। रयान रिकेलटन (36) और रासी वैन डेर डुसेन (42 गेंदों में 59 रन) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी करके एमआई केपटाउन को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और 15 ओवर तक उसका स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया। एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान (18 गेंदों में 35 रन) ने जॉर्ज लिंडे (नाबाद 20) के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला। उसे अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी, लेकिन राशिद और कागिसो रबाडा के आउट होने से उसकी टीम लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रही। रॉयल्स की तरफ से ओटनील बार्टमैन ने 51 रन देकर चार और सिकंदर रजा ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए।




## खबर संक्षेप

### उमर-शरजील की बेल पर कल होगा फैसला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े साजिश के मामले में आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम समेत अन्य की जमानत याचिकाओं पर 5 जनवरी को अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ इस मामले में निर्णय सुनाएगी। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को इन आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपस्थित थे।

### 'फर्जी' डिग्री में दो लोग भगोड़े अपराधी घोषित



**शिमला।** शिमला की विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत ने हिमाचल प्रदेश के कथित फर्जी डिग्री घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में राज्य के एक निजी विश्वविद्यालय के दो प्रवर्तकों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत मनदीप राणा और उसकी मां अशोनी कंवर के खिलाफ यह घोषणा की गई है। ये दोनों सोलन स्थित मानव भारती विश्वविद्यालय के प्रवर्तक हैं और कंवर का पति राजकुमार राणा विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवर्तक है।

### एआईएमएसए की जयशंकर से गुहार

# ईरान में फंसे 3,000 भारतीय मेडिकल छात्र, कदम उठाएं



ईरान में सड़कों पर प्रदर्शन

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

ईरान में लगातार फैल रहे हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएमएसए) के फॉरन स्टूडेंट विंग ने शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से दखल देने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि इस समय करीब 3,000 भारतीय मेडिकल छात्र मध्य-पूर्व के इस देश में हैं, जहां कई शहरों में अशांति फैलती जा रही है। इस चिट्ठी में ईरान में मौजूद भारतीय मेडिकल छात्रों और उनके परिवार वालों में सुरक्षा का भरोसा बहाल करने की अपील की गई है। बता दें, ईरान में विरोध प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश कर गए हैं। कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन और गिरफ्तारियों की खबरें हैं। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी (एचआरएएनए) ने बताया कि अब तक 10 प्रदर्शनकारी मारे जा चुके हैं और दर्जनों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शन की शुरुआत सोमवार को हुई, जब तेहरान में कारोबारियों ने बाजार को बंद किया।

### छात्र और परिवार वाले गहरी चिंता में

*शुक्रवार को एआईएमएसए ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर उनसे दखल की मांग की थी, ताकि वहां रह रहे भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, खासकर जो घाटी से हैं और ईरान में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। अब शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखी चिट्ठी में एआईएमएसए के जम्मू और कश्मीर यूनिट के वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद मोमिन खान ने कहा कि ईरान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे करीब 3,000 भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा और हितों को लेकर बढ़ती हुई चिंता की ओर आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। ईरान की जमीनी स्थिति को देखते हुए वे छात्र और उनके परिवार वाले बहुत ज्यादा दहशत में हैं।*

### ऐहतियाती कदम उठाने की अपील

एसोसिएशन ने विदेश मंत्रालय से सभी एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया है, जिसमें इमरजेंसी हेल्पलाइन स्थापित करने के अलावा जरूरत पड़ने पर वहां से निकालने की योजना भी शामिल है। भारत सरकार से विनम्र निवेदन करता है कि वह स्थिति पर बारीकी से नजर रखे और ईरान में मौजूद भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा, सलामती और बिना किसी रुकावट के संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय और एहतियाती कदम उठाए।

### एयरस्ट्राइक : अमेरिका का दावा मादुरो सरकार ड्रग्स की तस्करी में शामिल

# ड्रग सिर्फ बहाना, असल में तेल भंडारों को 'कब्जाना': वेनेजुएला

**वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार**

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों पर कब्जे की लड़ाई हमले तक जा पहुंची। अमेरिका ने शुक्रवार रात 2 बजे वेनेजुएला के 7 ठिकानों पर टारगेटेड हमले किए। वेनेजुएला की राजधानी में शनिवार तड़के अचानक दहशत का माहौल बना,जब शहर के कई इलाकों में तेज धमाकों की आवाजें सुनी गईं। कम से कम सात जोरदार धमाके सुनाई दिए, वहीं आसमान में नीची उड़ान भरते विमानों की आवाज भी लोगों ने सुनी। राष्ट्रपति मादुरो ने हमले के दौरान देश में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी। अमेरिका का दावा किया कि मादुरो सरकार ड्रग्स की तस्करी में शामिल है। वहीं, वेनेजुएला ने कहा कि ड्रग सिर्फ बहाना है, असल में तेल भंडारों को 'कब्जाना' अमेरिका का मकसद है। धमाकों की आवाज सुनते ही कई इलाकों में लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर अमेरिका ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया गया है और उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है। वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिग्ज ने कहा कि सरकार को राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस के ठिकाने की कोई जानकारी नहीं है। रॉड्रिग्ज ने कहा कि अमेरिका द्वारा कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति कहां हैं, यह स्पष्ट नहीं है और सरकार उनकी प्रूफ ऑफ लाइफ की मांग कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावे के बाद वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज ने देश भर में सैन्य बलों की तैनाती की घोषणा की है।

**राष्ट्रपति कहां हैं, यह स्पष्ट नहीं है ? वेनेजुएला ने की प्रूफ ऑफ लाइफ की मांग**



सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति मादुरो को पकड़े अमेरिकी सैनिकों का वीडियो वायरल

*वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, जिसे 303 अरब बैरल से भी ज्यादा आंका जाता है। कई प्रतिबंधों की वजह से यह अब तक अनछुआ भंडार है। इसके अलावा सोने और गैस का भी जबरदस्त भंडार है*

### चीन, रूस व ईरान से दोस्ती बढ़ाना पड़ गया महंगा

दोनों देशों के बीच विवाद की पहली चिंगारी 1999 में भड़की जब वेनेजुएला में वामपंथी राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की सरकार सत्ता में आई। शावेज ने तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका असर यह हुआ कि वेनेजुएला के तेल उद्योग में अमेरिकी कंपनियों की भूमिका घट गई। इस बीच वेनेजुएला की वाम सरकार ने क्यूबा, रूस और चीन के साथ ईरान से करीबी बढ़ा ली, जो सीधे तौर पर अमेरिका की शक्ति को चुनौती देने के कदम के तौर पर देखा जाने लगा।

### प्रतिक्रिया : रूस ने आलोचना की, ईरान ने प्रतिरोध का संकल्प लिया

- रूस ने इस कार्रवाई की आलोचना की
- यूरोपीय संघ ने संयम बरतने का आग्रह किया
- चिली ने हमलों की निंदा की
- कोलंबिया ने गहरी चिंता व्यक्त की
- ईरान ने प्रतिरोध का संकल्प लिया
- स्पेन ने संयम बरतने का आग्रह किया, मध्यस्थता की पेशकश की
- त्रिनिदाद और टोबैगो ने अमेरिकी अभियान से दूरी बनाई। वहीं, जर्मनी ने अमेरिका पर भरोसे के टूटने की चेतावनी दी
- कानूनी चिंताओं के बावजूद ब्रिटेन के फ़राज ने हमलों का समर्थन किया
- इटली ने कहा कि हमलों का कोई कानूनी आधार नहीं है
- अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों ने अमेरिकी दलील को खारिज किया।

### अमेरिका और वेनेजुएला में विवाद

**1. ड्रग तस्करी करने वाली नावों को निशाना बनाया था**

- *सितंबर 2025 में अमेरिका ने दावा किया कि जिन नावों को निशाना बनाया गया, उनमें मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी। वेनेजुएला ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भी उठाया है। अमेरिका ने अब तक वेनेजुएला की नावों में मादक पदार्थ ले जाने जाने से जुड़े सबूत नहीं दिए हैं।*

**2. कैरिबियाई सागर में तैनात किए अमेरिकी युद्धपोत**

- *अमेरिकी रक्षा मंत्रालय-पेंटागन ने अक्तूबर में अमेरिकी नौसेना के सबसे खतरनाक और आधुनिक युद्धपोतों में से एक यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड को कैरिबियाई सागर में तैनात कर दिया। इसके अलावा वेनेजुएला के आसपास 5000 अमेरिकी सैन्यबलों की तैनाती भी की गई है।*

### अंतिम वर्ष में जल सहयोग जारी

# भारत-बांग्लादेश ने शुरू की गंगा पद्मा नदियों की संयुक्त माप



फरक्का बांध

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

भारत और बांग्लादेश ने गुरुवार से गंगा और पद्मा नदियों पर संयुक्त जल माप की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब 30 साल पुरानी गंगा जल बंटवारा संधि अपने अंतिम वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। यह संधि वर्ष 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हस्ताक्षरित हुई थी और इसकी अवधि दिसंबर 2026 में समाप्त होनी है। बांग्लादेश में पद्मा नदी पर हार्डिंग ब्रिज से करीब 3,500 फीट ऊपर एक बिंदु पर जल माप शुरू की गई है। वहीं भारत में गंगा नदी पर फरक्का बिंदु पर भी संयुक्त माप की जा रही है। यह प्रक्रिया दोनों देशों के जल संसाधन विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में की जा रही है। संयुक्त माप के लिए भारत की ओर से दो सदस्यीय टीम बांग्लादेश पहुंची है। इस टीम का नेतृत्व भारत के केंद्रीय जल आयोग के उप निदेशक सौरभ कुमार कर रहे हैं। उनके साथ आयोग के सहायक निदेशक सनी अरोड़ा भी शामिल हैं। वहीं बांग्लादेश की चार सदस्यीय टीम भारत पहुंची है, जिसका नेतृत्व बांग्लादेश जल विकास बोर्ड के नॉर्थ ईस्टर्न मेजरमेंट हाइड्रोलॉजी डिवीजन के कार्यकारी अभियंता आरिफिन जुबैद कर रहे हैं। बांग्लादेश के पाबना जिले में हाइड्रोलॉजी डिवीजन के कार्यकारी अभियंता शिब्बेर हुसैन ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय टीम की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन मंत्रालय ने पहले ही गृह मंत्रालय को पत्र भेजा था और इसके बाद भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पाबना जिला ढाका से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में स्थित है।

# चमोली की नीती घाटी में पहली बर्फबारी



***चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में भारत चीन सीमा से लगी नीती घाटी में साल की पहली बर्फबारी देखने को मिली है। सैलानी लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार कर रहे थे। अब नीती घाटी के आखिरी बसे गांव में मौसम की पहली बर्फबारी हुई। जिससे अल्पाइन वनस्पति बर्फ की चादर से ढक गई। नीती घाटी बर्फ की चादर ओढ़े नजर आई, यहाँ पर बर्फबारी का सुन्दर दृश्य देखने को मिल रहा है।*

### अमेरिका में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत

**सुपीरियर।** अमेरिका में एरिजोना के पहाड़ी इलाके में एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। पिनाल काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि यह दुर्घटना फीनिक्स से लगभग 103 किलोमीटर पूर्व में स्थित टेलीग्राफ कैन्यन के पास शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। हलिकॉप्टर में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 59 वर्षीय पायलट, 21 वर्षीय दो महिलाएं और 22 वर्षीय एक अन्य महिला शामिल हैं। 'फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन' (एफएए) और 'नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड' (एनटीएसबी) दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।

### मेयर बनने पर किया था पंजाबी डांस

# मेयर ममदानी ने बंगाली खाने का उठाया लुत्फ, कामकाज संभाला

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर जोहरान ममदानी का ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस समारोह के दौरान ममदानी पंजाबी गाने पर थिरकते नजर आए। अब ममदानी ने अपने मेयर बनने के दूसरे दिन बंगाली व्यंजनों का लुत्फ उठाया है।

ममदानी ने बंगाली भोजन की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर की है। जोहरान ममदानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि 'दूसरे दिन का सबसे अच्छा अंत, बोइशाखी से चिकन रोस्ट और आलू भर्ता।' ममदानी ने जन भागीदारी कार्यालय की स्थापना के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य न्यूयॉर्क के लोगों को सरकारी निर्णयों में भाग लेने म ेंमदद करना है।



जोहरान ममदानी

## खोकन चंद्र दास ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शरियतपुर जिले के बाजार में मेडिकल स्टोर चलाने वाले हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास की शनिवार सुबह ढाका के नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट में इलाज के दौरान मौत हो गई। नए साल की पूर्व संध्या पर हमलावरों ने उन पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था। डॉक्टरों के मुताबिक, खोकन दास के शरीर का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया था। उनके चेहरे और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा था। अस्पताल के प्रोफेसर डॉ. शौन बिन रहमान ने बताया कि सुबह करीब 7:20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। यह घटना 31 दिसंबर की रात करीब 9:30 बजे दामुदिया उपजिला के कोनेश्वर यूनियन स्थित केउरभांगा बाजार के पास हुई। दुकान बंद कर घर लौट रहे खोकन दास को रास्ते में बदमाशों ने रोका, धारदार हथियारों से हमला किया।

### ऑपरेशन सागर बंधु के तहत तूफान से प्रभावित श्रीलंका को मदद जारी

**कैंडी में 100 फीट लंबे बेली ब्रिज का निर्माण जारी**

# बुनियादी ढांचे और सड़क नेटवर्क को बहाल करने में जुटी भारतीय सेना

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

श्रीलंका में बुनियादी ढांचे की बहाली और आपसी सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। भारतीय सेना के इंजीनियरों ने किलिनोच्ची, जाफना में क्रिटिकल ड्यूल कैरिजवे बेली ब्रिज को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के बाद अब कैंडी के केएम-21 क्षेत्र में 100 फीट लंबे बेली ब्रिज के निर्माण की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है।

**चिलाव क्षेत्र में पुल बनाने की तैयारियां शुरू की**



श्रीलंका में नए पुल और सड़क का निर्माण करती भारतीय सेना

### श्रीलंका ने भारतीय सहयोग को सराहा

भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि किलिनोच्ची, जाफना में महत्वपूर्ण डबल लेन बेली ब्रिज को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के बाद, भारतीय सेना के इंजीनियरों ने बी-492 हाईवे पर कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए केएम-21, कैंडी में 100 फीट बेली ब्रिज के निर्माण के लिए साइट को बेहतर बनाने का काम शुरू कर दिया है। मेजर जनरल रोहन मेडागोडा, जीओसी 11 डिवीजन और ब्रिगेडियर सीडी विक्रमनायके, श्रीलंकाई सेना के फील्ड चीफ इंजीनियर ने ब्रिज साइट का दौरा किया। पुल बनाने के इस चुनौतीपूर्ण काम में दिखाए गए संयुक्त सहयोग की सराहना की।

**एके-47 आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल**

# सुरक्षा बलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया, शव बरामद

**एजेंसी ⏭ बस्तर**

रेंज में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीजापुर और सुकमा जिलों में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। मारे गए माओवादियों में कुख्यात माओवादी कोंटा एरिया कमेटी प्रभारी वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का और कोंटा एरिया कमेटी सचिव माड़वी हितेश उर्फहुंगा शामिल हैं। इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

### 20 और नक्सलियों ने हथियार डाले



वहीं, हैदराबाद में पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि हैदराबाद में देवा समेत 20 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। देवा अपने साथियों के साथ तेलंगाना के मुलुगु पहुंचा था, जहां से पुलिस उसे हैदराबाद लेकर पहुंची थी। बड़ी संख्या में हथियार और कैश भी नक्सलियों ने सरेंडर किए हैं। बीजापुर और सुकमा जिलों के दक्षिणी इलाकों में सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। अभियान के तहत दक्षिण बस्तर क्षेत्र में डीआरजी की विशेष टीमों को रवाना किया गया था। ऑपरेशन के दौरान बीजापुर जिले में सुबह लगभग 5 बजे से डीआरजी और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी रही। वहीं, सुकमा जिले में भी सुबह लगभग 8 बजे सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग की स्थिति बनी हुई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28